RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्षः 11 अंकः 36 | जयपुर मंगलवार, 04 अगस्त 2026 | मूल्यः 4 रुपए | पृष्ठः 08

# केंद्रीय मंत्रालय का बड़ा प्रस्ताव

## अब गाड़ियां देंगी एक-दूसरे को खतरे की चेतावनी

एजेंसी। नई दिल्ली

देश में सड़क हादसों को रोकने और वाहनों की सुरक्षा को अत्याधुनिक बनाने के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने एक अहम कदम उठाया है। मंत्रालय ने केंद्रीय मोटर वाहन नियम 1989 में संशोधन का प्रस्ताव रखते हुए एक ड्राफ्ट नोटिफिकेशन जारी किया है। इस प्रस्ताव के तहत वाहनों के बीच आपस में सीधा संवाद स्थापित करने वाली वाहन से वाहन संचार प्रणाली को चरणबद्ध तरीके से लागू करने का खाका तैयार किया गया है। यह तकनीक आसपास चल रहे वाहनों को गति, स्थिति, दिशा और त्वरण जैसी वास्तविक समय की जानकारी आपस में साझा करने में सक्षम बनाती है। इस व्यवस्था का मूल मकसद आपातकालीन परिस्थितियों में चालकों को समय रहते सतर्क करना है।


AI जनरेटेड

### जोखिम भरी स्थितियों में चालकों को अलर्ट करेगी?

सड़क पर अचानक बनने वाली खतरनाक स्थितियों में यह प्रणाली वाहन चालकों और वाहन के आंतरिक सुरक्षा तंत्र को अग्रिम चेतावनी जारी करेगी।

- **अचानक ब्रेक लगना:** अगर आगे चल रहा वाहन अचानक ब्रेक लगाता है, तो पीछे आ रहे वाहनों को तुरंत इसकी सूचना मिल जाएगी ताकि टक्कर से बचा जा सके।
- **आमने-सामने की टक्कर का जोखिम:** आगे होने वाली संभावित टक्कर के खतरे को भांपकर यह प्रणाली चालक को पहले ही आगाह कर देगी।
- **असुरक्षित तरीके से लेन बदलना:** गलत या असुरक्षित तरीके से लेन बदलते समय होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने में यह अलर्ट बेहद मददगार साबित होगा।
- **आपातकालीन वाहनों का आगमन:** एम्बुलेंस या फायर ब्रिगेड जैसे आपातकालीन वाहनों के पास आने की सूचना पहले ही मिल जाएगी, जिससे उन्हें रास्ता देना आसान हो जाएगा।

### इस संचार प्रणाली के संचालन के लिए स्पेक्ट्रम फ्रीक्वेंसी और लाइसेंसिंग के क्या नियम तय किए गए हैं?

इस अत्याधुनिक तकनीक को सुचारू रूप से चलाने के लिए एक विशेष फ्रीक्वेंसी बैंड निर्धारित किया गया है।

- **निर्धारित फ्रीक्वेंसी बैंड:** वाहन से वाहन संचार और अन्य इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम अनुप्रयोगों के लिए 5.875 गीगाहर्ट्ज से 5.925 गीगाहर्ट्ज फ्रीक्वेंसी बैंड को चुना गया है।
- **लाइसेंस प्रक्रिया से छूट:** दूरसंचार विभाग ने 10 जून 2026 के अपने निर्देश के जरिए इस फ्रीक्वेंसी बैंड के उपयोग को लाइसेंसिंग आवश्यकताओं से पूरी तरह मुक्त कर दिया है।

### सुरक्षा प्रणालियों की तुलना में यह तकनीक कैसे अधिक प्रभावी है?

वर्तमान में इस्तेमाल होने वाले सुरक्षा ढांचों की तुलना में यह नई प्रणाली कहीं अधिक व्यापक सुरक्षा कवच प्रदान करती है।

- **सीधी दृष्टि सीमा से परे की जानकारी:** पारंपारिक वाहन सुरक्षा तंत्र केवल ऑनबोर्ड सेंसर और चालक की त्वरित प्रतिक्रिया पर निर्भर होते हैं। इसके विपरीत, यह नई तकनीक चालक की सीधी नजर से परे की स्थितियों की जानकारी भी प्रदान कर सकती है।
- **एडवांस्ड ड्राइवर सहायता प्रणाली का समर्थन:** यह व्यवस्था एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम के पूरक के रूप में काम करेगी।
- **सक्रिय दुर्घटना रोकथाम:** दुर्घटना होने से पहले ही उसकी रोकथाम, कनेक्टेड मोबिलिटी और भविष्य के बुद्धिमान परिवहन अनुप्रयोगों को मजबूत आधार देने में यह तकनीक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### वाहनों में इस प्रणाली को लागू करने की समयसीमा क्या है?

मंत्रालय ने श्रेणी एल, एम और एन के वाहनों के लिए इस व्यवस्था को लागू करने की एक स्पष्ट चरणबद्ध समयसीमा तय की है।

- **पहला चरण (1 अक्तूबर 2027 से):** 1 अक्तूबर 2027 या उसके बाद निर्मित होने वाले एल, एम और एन श्रेणी के उन सभी वाहनों के लिए एआईएस-230 मानक का पालन करना अनिवार्य होगा जिनमें यह संचार प्रणाली लगी होगी।
- **दूसरा चरण (1 अक्तूबर 2028 से):** 1 अक्तूबर 2028 या उसके बाद निर्मित होने वाले एल, एम और एन श्रेणी के सभी नए वाहनों में एआईएस-230 मानकों के अनुरूप इस संचार प्रणाली का लगा होना अनिवार्य कर दिया जाएगा।
- **तैयारी का अवसर:** इस चरणबद्ध दृष्टिकोण से वाहन निर्माताओं और अन्य हितधारकों को नए नियमों और तकनीकी आवश्यकताओं को अपनाने के लिए पर्याप्त समय मिल सकेगा।

### एआईएस-230 मानक क्या है और इसमें किन प्रमुख तकनीकी आवश्यकताओं का समावेश किया गया है?

एआईएस-230 मानक फैक्ट्री-फिटेड ऑन-बोर्ड यूनिट्स को कवर करता है, जो 5.875 गीगाहर्ट्ज से 5.925 गीगाहर्ट्ज बैंड में सेलुलर व्हीकल-टू-एवरीथिंग तकनीक का उपयोग करते हैं। इसके प्रमुख तकनीकी दिशानिर्देशों और मानकों में ये चीजें शामिल हैं:

- **रेडियो प्रदर्शन और फ्रीक्वेंसी स्थिरता:** सिग्नल ट्रांसमिशन का सटीक प्रदर्शन और उसकी स्थिरता सुनिश्चित करना।
- **आउटपुट पावर और रिसीवर संवेदनशीलता:** सिग्नल भेजने और प्राप्त करने की क्षमता के सटीक मानक तय करना।
- **ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम पोजीशनिंग:** सटीक स्थान और नेविगेशन ट्रैकिंग की व्यवस्था करना।
- **विद्युत और बिजली आपूर्ति संबंधी आवश्यकताएं:** वाहन के विद्युत तंत्र के साथ सुरक्षित जुड़ाव सुनिश्चित करना।
- **इलेक्ट्रोमैग्नेटिक संगतता:** अन्य इलेक्ट्रॉनिक तरंगों के हस्तक्षेप से बचाव की क्षमता।
- **साइबर सुरक्षा और संचार सुरक्षा:** वाहन के संचार डेटा को हैकिंग और अनधिकृत पहुंच से सुरक्षित रखना।
- **सड़क सुरक्षा अनुप्रयोग प्रदर्शन:** विभिन्न सुरक्षा अलर्ट को सही समय पर क्रियान्वित करने की क्षमता।
- इस मानक में इमरजेंसी ब्रेक अलर्ट, फॉरवर्ड कोलिजन वार्निंग, गलत दिशा में वाहन चलाने की चेतावनी और इमरजेंसी व्हीकल अलर्ट जैसे सुरक्षा उपयोग के मामलों को चरणबद्ध तरीके से शामिल किया गया है।

### इस नीतिगत ढांचे की पृष्ठभूमि क्या रही है

इस नीति को आकार देने में विशेषज्ञों की समितियों और टास्क फोर्स का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

- **टास्क फोर्स की सिफारिश:** सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा गठित एक समर्पित टास्क फोर्स ने सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए 5.9 गीगाहर्ट्ज फ्रीक्वेंसी रेंज के उपयोग की सिफारिश की थी।
- **तकनीकी समिति का विचार:** इसके बाद 7 मई 2026 को आयोजित अपनी 56वीं बैठक में केंद्रीय मोटर वाहन नियम-तकनीकी स्थायी समिति ने एआईएस-230 मानक के निर्माण पर विचार-विमर्श किया, जिसने इस नियामक क्रियान्वयन को तकनीकी आधार प्रदान किया।

## कार में मौत का मतलब हमेशा एक्सीडेंट नहीं

नई दिल्ली

किसी इंसान की मौत अगर कार के अंदर हो जाए तो क्या मृतक के परिवार को मोटर वाहन अधिनियम (एमवीए) के तहत बीमा क्लेम मिल सकता है? आम तौर पर लोग सोचते हैं कि कार में मौत हुई है तो क्लेम मिल जाएगा। लेकिन, सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि सिर्फ किसी जुर्म या घटना के वक्त कार का वहां मौजूद होना क्लेम पाने के लिए काफी नहीं है।

**सुप्रीम कोर्ट ने दुर्घटना बीमा क्लेम पर सुनाया महत्वपूर्ण फैसला**

मुआवजा तभी मिलेगा जब यह साबित हो जाए कि मौत या चोट का सीधा ताल्लुक गाड़ी के इस्तेमाल से था। एक शख्स की मौत से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला सुनाया। आनंद अपने एक जानकार दलीप की कार में बैठकर गया था। तीन दिन बाद उसकी मौत की खबर उसके घरवालों को लगी। आनंद के परिवार वालों ने आरोप लगाया कि कार में सफर के दौरान ही उसकी हत्या की गई है, इसलिए उन्होंने मोटर वाहन अधिनियम के तहत मुआवजे की मांग की। क्लेम ट्रिब्यूनल और हाई कोर्ट ने परिवार को मुआवजा देने का आदेश दिया था, लेकिन जब मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, तो अदालत ने इन फैसलों को पलट दिया। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने ने कहा कि क्लेम का पैसा पाने के लिए यह साबित करना जरूरी है कि मौत और गाड़ी के इस्तेमाल के बीच सीधा संबंध था।

## सर्वोच्च न्यायालय में अब 34 की जगह होंगे 38 न्यायाधीश

### नीट पेपर लीक और राम मंदिर मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के बीच लोकसभा में बिना बहस बिल पास

नई दिल्ली / आरएनएन



नीट पेपर लीक और राम मंदिर में कथित चंदा चोरी को लेकर विपक्ष के विरोध प्रदर्शन के बीच लोकसभा में एक बिल बिना बहस के पास हो गया। यह बिल उस अध्यादेश की जगह लेने के लिए था जिसके तहत सुप्रीम कोर्ट के जजों की संख्या (भारत के मुख्य न्यायाधीश सहित) 34 से बढ़ाकर 38 कर दी गई थी। वहीं, विपक्ष ने इन मुद्दों को लेकर जमकर नारेबाजी की। विपक्ष के सदस्यों द्वारा अध्यादेश जारी करने की निंदा करते हुए पेश किए गए एक वैधानिक प्रस्ताव को भी ध्वनि मत से खारिज कर दिया गया। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल की संक्षिप्त शुरुआती टिप्पणी के बाद पीठासीन अधिकारी ने सदस्यों से वैधानिक प्रस्ताव पर बोलने का आग्रह किया लेकिन नारेबाजी जारी रहने के कारण बिल को मतदान के लिए रखा गया और बाद में पारित कर दिया गया।

#### 1950 में सुप्रीम कोर्ट में थे 8 जज

28 जनवरी 1950 को भारत में संविधान लागू होने के बाद सुप्रीम कोर्ट का उद्घाटन हुआ। यह उद्घाटन पुरानी संसद भवन के चैंबर ऑफ प्रिंसेस में हुआ, जहां 1937 से 1950 तक 12 वर्षों तक भारत की फेडरल कोर्ट बैठती थी। 1950 में भारत के सुप्रीम कोर्ट में कुल 8 जज थे। इनमें 1 चीफ जस्टिस और 7 अन्य जज थे। 1956 में संविधान संशोधन के जरिये जजों की संख्या चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया समेत बढ़ाकर 11 कर दी गई। 1960 में जजों की संख्या 14, फिर 1977 में 18, 1986 में 26, 2008 में 31 और 11 वर्षों के बाद 2019 में जजों की संख्या को 34 कर दिया गया। इसमें चीफ जस्टिस भी शामिल हैं।

## छात्र प्रदर्शन की आड़ में अपराधी को सुरक्षा नहीं

### सीजेआई ने सिंघवी को बताया आपराधिक इतिहास का मतलब

नई दिल्ली

जंतर-मंतर पर छात्रों के प्रदर्शन को लेकर दायर याचिकाओं पर भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की अगुवाई वाली पीठ ने सोमवार यानी 3 अगस्त, 2026 को बड़ी बातें कही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि 28 जुलाई के आदेश में आपराधिक इतिहास शब्द का मतलब सिर्फ गंभीर और जघन्य अपराध है। दरअसल, सीनियर एडवोकेट डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी ने शीर्ष अदालत से सुनवाई के दौरान अपील की थी कि आपराधिक इतिहास शब्द को स्पष्ट किया जाना चाहिए। दरअसल, 28 जुलाई के आदेश में कोर्ट ने उन छात्रों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने पर रोक लगा दी थी, जिनका कोई आपराधिक इतिहास नहीं था। कोर्ट ने यह बात तब साफ की जब याचिकाकर्ताओं ने कहा कि यह शब्द अस्पष्ट है और इससे उन छात्रों को परेशानी हो सकती है जिन पर छोटे-मोटे अपराधों का आरोप हो। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य को छात्रों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को बंद करने या वापस लेने की इजाजत भी दे दी है।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा, राज्य चाहे एफआईआर बंद करें या वापस ले लें**

## मध्यप्रदेश में करीब 9 साल बाद सितंबर में होंगे छात्रसंघ चुनाव

### हाईकोर्ट के निर्देश पर सरकार ने शुरू की तैयारी

जबलपुर / आरएनएन

मध्य प्रदेश में करीब 9 साल बाद छात्रसंघ चुनाव होंगे। ये चुनाव सितंबर में कराए जाएंगे। 2017 के बाद से प्रदेश में छात्रसंघ चुनाव नहीं हुए थे। जबलपुर निवासी छात्र अदनान अंसारी ने इस मामले में जनहित याचिका दायर की थी। याचिका में लंबित छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग की गई थी।

**चुनाव शुल्क की करोड़ों की राशि का हिसाब भी दे सरकार**

याचिका पर एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस मित्तल की डिवीजन बेंच ने सुनवाई की। बेंच ने सरकार को चुनाव कराने के निर्देश दिए। सरकार ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 में छात्रसंघ चुनाव कराए जाएंगे। इसके लिए सितंबर माह प्रस्तावित किया गया है। सरकार के इस आश्वासन के बाद हाईकोर्ट ने याचिका का निराकरण कर दिया। तीन सप्ताह पहले हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने सरकार और उच्च शिक्षा विभाग के प्रति सख्त रुख अपनाया था। कोर्ट ने कहा था कि अब केवल आश्वासन और बहानों से काम नहीं चलेगा। सरकार को चुनाव की निश्चित तारीख बतानी होगी। कोर्ट ने राज्य सरकार को 2026-27 का शैक्षणिक कैलेंडर पेश करने के निर्देश दिए थे। साथ ही छात्रसंघ चुनाव की तारीख घोषित करने और छात्रसंघ गठन की पूरी कार्ययोजना प्रस्तुत करने को भी कहा था।

#### कोरोना का हवाला देकर टलते रहे चुनाव

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अक्षरदीप ने बताया कि 2017 के बाद सरकार ने पहले कोरोना महामारी का हवाला दिया। बाद में अन्य परिस्थितियों के कारण चुनाव नहीं कराए गए। इस वजह से छात्रसंघों का गठन भी नहीं हो सका। याचिकाकर्ता अदनान अंसारी ने बताया कि 2017 से चुनाव नहीं होने के बावजूद विश्वविद्यालय लगातार छात्रों से चुनाव शुल्क वसूल रहे हैं। यह राशि अब करोड़ों रुपए तक पहुंच चुकी है। अंसारी ने मांग की है कि सरकार इस राशि का पूरा हिसाब भी कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करे।

## पहलवानों के यौन शोषण मामले में बृजभूषण बरी

**नई दिल्ली, आरएनएन।** महिला पहलवानों के यौन शोषण मामले में बृजभूषण शरण सिंह बरी हो गए हैं। कोर्ट ने उन्हें सबूतों के अभाव में बरी कर दिया है। सोमवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने यह अहम फैसला सुनाया। बता दें कि बृजभूषण शरण सिंह 20 जुलाई 2023 से नियमित जमानत पर थे। 10 मई 2024 को अदालत ने दिल्ली पुलिस की चार्जशीट के आधार पर आरोप तय किए थे, जिसके बाद ट्रायल शुरू हुआ था। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह को बरी किए जाने के बाद पीड़ित महिला पहलवानों के पास अभी भी अपनी कानूनी लड़ाई को आगे बढ़ाने के लिए कई संवैधानिक और कानूनी रास्ते खुले हुए हैं। वे हाईकोर्ट में इस फैसले को चुनौती दे सकती हैं।

**प्रतिभा** | नेथन फ्लोरिडा के रहने वाले हैं, मियामी डेड कॉलेज में इंजीनियरिंग इंस्ट्रक्टर के तौर पर काम कर रहे

## 18 की उम्र में बना प्रोफेसर, तोड़ा 306 साल पुराना रिकॉर्ड

नई दिल्ली

आमतौर पर जिस उम्र में बहुत से स्टूडेंट्स अपनी कॉलेज लाइफ की शुरुआत करते हैं, नेथन थॉमस उससे कई कदम बढ़कर अपनी उम्र से बड़े स्टूडेंट्स को कॉलेज में पढ़ा रहे हैं। उन्होंने किसी पुरुष यंग प्रोफेसर का 306 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा है।

नेथन थॉमस, अमेरिका के फ्लोरिडा के रहने वाले हैं। वे 18 साल की उम्र में दुनिया के सबसे युवा प्रोफेसर बन गए हैं। थॉमस मियामी डेड कॉलेज में इंजीनियरिंग इंस्ट्रक्टर के तौर पर काम कर रहे हैं, जहां वे ऐसे छात्रों को पढ़ाते हैं जिनकी उम्र अक्सर उनके ही आस-पास है। उन्होंने महज 18 साल और 346 दिन की उम्र में दुनिया के सबसे कम उम्र के पुरुष प्रोफेसर बनकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया। नेथन थॉमस ने दुनिया के सबसे युवा प्रोफेसर का 306 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा है। उनसे पहले महान गणितज्ञ और भौतिक वैज्ञानी कॉलिन मैकलॉरिन का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।



कॉलिन 1717 में 19 साल की उम्र में प्रोफेसर बन गए थे। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के अनुसार, 18 साल और 346 दिन की उम्र में मियामी डेड कॉलेज में इंजीनियरिंग पढ़ाने की नौकरी स्वीकार करने के बाद नाथन थॉमस दुनिया के सबसे कम उम्र के पुरुष प्रोफेसर बन गए।

यह रिकॉर्ड 306 सालों तक कॉलिन मैकलॉरिन के नाम था, जो 19 साल की उम्र में प्रोफेसर बने थे। थॉमस, दुनिया की सबसे कम उम्र की महिला प्रोफेसर का रिकॉर्ड रखने वाली आलिया सबूर से भी 16 दिन छोटे हैं। आलिया सबूर का जन्म 22 फरवरी 1989 को संयुक्त राज्य अमेरिका में हुआ था।

#### 10 साल की उम्र में कॉलेज, 14 की उम्र में मास्टर्स डिग्री

नेथन थॉमस के माता-पिता इंजीनियर हैं। बचपन से ही उनकी रुचि साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ्स  विषयों में रही है। उन्होंने महज 10 साल की उम्र में मियामी डैड कॉलेज में डुअल-एनरोलमेंट लिया था और अपनी स्कूलिंग के साथ कॉलेज की पढ़ाई शुरू की थी। इसके बाद 14 साल की उम्र में फ्लोरिडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बैचलर डिग्री और मास्टर्स डिग्री हासिल की। 14 साल की उम्र में नेथन थॉमस के पास दो डिग्रियां (इंजीनियरिंग बैचलर और मास्टर्स डिग्री) थीं।

#### डॉक्टर की डिग्री हासिल करने के साथ-साथ पढ़ा भी रहे हैं

**अगस्त** 2023 में सिर्फ 18 साल के नेथन थॉमस ने मियामी डेड कॉलेज में कंप्यूटर प्रोग्रामिंग पढ़ाना शुरू कर दिया था। उनकी क्लास के ज्यादातर स्टूडेंट्स उन्हीं की उम्र या उससे ज्यादा के हैं। नेथन का मानना है कि क्लास में उम्र मायने नहीं रखती, बल्कि सीखने इच्छाशक्ति ज्यादा जरूरी होती है। ?अपनी ही उम्र के छात्रों को पढ़ाने के बारे में बात करते हुए थॉमस ने एक इंटरव्यू में कहा था, एक बार जब आप उस माहौल में होते हैं, तो हर किसी का एक ही मकसद होता है वो है- सीखना। उम्र से कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं बस अपना काम अच्छे से करने और जिस भी तरह से हो सके छात्रों की मदद करने पर ध्यान देता हूं। अगर कोई मेहनत करने को तैयार है, तो मेरे लिए बस यही मायने रखता है। अब 21 साल के थॉमस यूनिवर्सिटी ऑफ मियामी स्कूल ऑफ लॉ से ज्यूरिस डॉक्टर की डिग्री हासिल करने के साथ-साथ ऑनलाइन पढ़ा भी रहे हैं। वे स्टीम इनोवेशन पर ध्यान देते हुए इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी लॉ में स्पेशलाइजेशन करना चाहते हैं।

## 100 शहरों के जेन-जी से संवाद करेंगे भागवत

### इस कार्यक्रम में 15 से 19 साल के स्टूडेंट्स हिस्सा लेंगे

नई दिल्ली / आरएनएन



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत 6 अगस्त को देश युवाओं से बातचीत करेंगे। आरएसएस ने बताया कि वह मुंबई में देश के जेन-जी और जेन-अल्फा को संबोधित करेंगे।

यह कार्यक्रम इण्डियाज इंटरनेशनल मूवमेंट टू यूनाइट नेशंस की 15वीं वर्षगांठ और उसकी वार्षिक चैंपियनशिप कांफ्रेंस के उद्घाटन समारोह के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में देशभर के 100 से अधिक शहरों से 15 से 19 साल के 2,000 से भी अधिक स्टूडेंट्स हिस्सा लेंगे। आईआईएमयूएन युवाओं की ओर से संचालित एक मंच है, जो भारत में 275 शहरों और 40 से अधिक देशों में फैला हुआ है।

# एक महीने में ही उखड़ने लगा नया स्टेट हाईवे,गुणवत्ता पर सवाल

## जहाजपुर-देवली SH-134 का निर्माण अभी अधूरा; हाल ही में डाली डामर परत उखड़ी, टोल वसूली जारी

स्मार्ट हलचल

**अलकेश पारीक जहाजपुर-** देवली के बीच करोड़ों रुपए की लागत से बन रहे स्टेट हाईवे-134 की गुणवत्ता पर निर्माण पूरा होने से पहले ही सवाल खड़े हो गए हैं। करीब एक महीने पहले जिस हिस्से में डामरीकरण किया गया था, वहां सड़क जगह-जगह से उखड़ने लगी है। कई स्थानों पर डामर की परत निकल गई है और गिट्टियां बिखरने के साथ सड़क धंसने की स्थिति भी सामने आई है। दूसरी ओर मार्ग का निर्माण अधूरा होने के बावजूद वाहनों से टोल वसूली जारी है। इस मार्ग का निर्माण कार्य लंबे समय से बंद पड़ा था। करीब एक महीने पहले काम दोबारा शुरू होने के बाद 11 जुलाई को जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा भी निर्माण स्थल पर पहुंचे थे। उन्होंने मौके पर चल रहे कार्य को देखा था। अब हाल ही में तैयार किए गए हिस्से के उखड़ने से निर्माण सामग्री, तकनीकी मानकों और विभागीय निगरानी को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

**जिस सड़क पर अभी काम चल रहा, वही देने लगी जवाब**



स्टेट हाईवे का निर्माण अभी पूरा भी नहीं हुआ है और नई सड़क के क्षतिग्रस्त होने की तस्वीरें सामने आने लगी हैं। बरसात के शुरुआती दौर में ही सड़क की परत उखड़ने और धंसने से इसकी मजबूती को लेकर संशय पैदा हो गया है। सवाल यह भी है कि निर्माण के दौरान गुणवत्ता की जांच किस स्तर पर हुई और बारिश से पहले किए गए डामरीकरण में आवश्यक तकनीकी मानकों का कितना ध्यान रखा गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि नई सड़क एक महीने में ही इस तरह प्रभावित हो रही है तो लगातार बारिश और भारी वाहनों के दबाव के बाद इसकी स्थिति क्या होगी। प्रभावित हिस्से की तकनीकी जांच कराने और जिम्मेदारी तय करने की मांग भी उठ रही है।

**सड़क अधूरी, नई परत भी टूटी; फिर टोल किस सुविधा का?**

इस पूरे मामले में वाहन चालकों की सबसे बड़ी नाराजगी टोल वसूली को लेकर है। लोगों का कहना है कि एक ओर मार्ग का निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है और दूसरी ओर हाल ही में तैयार सड़क भी टूटने लगी है। इसके बावजूद टोल की पूरी वसूली की जा रही है। वाहन चालकों का सवाल है कि जब उन्हें निर्धारित स्तर की सड़क सुविधा ही नहीं मिल रही तो टोल किस आधार पर लिया जा रहा है।



रोड का काम प्रारंभ हुआ तब पहुंचे थे विधायक गोपीचंद मीणा उसी जगह से टूटा है यह रोड

**कांग्रेस नेता बोले- पहले ही उठाए थे सवाल, अब सामने है सड़क की हालत**

कांग्रेस नेता बाबूलाल खटीक ने आरोप लगाया कि जहाजपुर-देवली सड़क निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है और उन्होंने पहले भी निर्माण में कमीशनखोरी तथा गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए थे। सड़क के लिए बजट स्वीकृत हुए करीब दो वर्ष बीतने के बावजूद काम पूरा नहीं हुआ। खटीक ने कहा कि सोशल मीडिया पर मामला उठाए जाने के बाद विधायक गोपीचंद मीणा 11 जुलाई को मौके पर पहुंचे थे। अब उसी दौरान बनाए गए हिस्से में एक महीने के भीतर सड़क उखड़ने और गड्ढे बनने से निर्माण की गुणवत्ता खुद सवालों के घेरे में आ गई है।

SRDC का जवाब-

**डीबीएम के बाद बीसी होनी थी, बारिश का पानी नीचे जाने से बैठी सड़क**

SRDC के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ऋषि कुमार ने बताया कि संबंधित हिस्से पर पहले डीबीएम (Dense Bituminous Macadam) की परत डाली गई थी। इसके ऊपर बीसी (Bituminous Concrete) की अंतिम परत डाली जानी थी, लेकिन इससे पहले बारिश हो गई। बारिश का पानी नीचे जाने के कारण कुछ स्थानों पर सड़क बैठ गई। उन्होंने बताया कि प्रभावित हिस्से को हटाकर दोबारा दुरुस्त किया जा रहा है और उसके बाद आगे का कार्य किया जाएगा।

**बड़ा सवाल: अंतिम परत से पहले बारिश हुई तो सुरक्षा के इंतजाम क्या थे?**

विभाग सड़क खराब होने के पीछे बारिश को कारण बता रहा है, लेकिन इससे एक नया सवाल भी खड़ा हो गया है। यदि डीबीएम के ऊपर बीसी की अंतिम परत डाली जानी बाकी थी तो बारिश के मौसम में तैयार हिस्से को पानी से बचाने और ड्रेनेज के क्या इंतजाम किए गए थे? निर्माण पूरा होने से पहले सड़क का इस तरह क्षतिग्रस्त होना अब विभाग और निर्माण एजेंसी दोनों की निगरानी व्यवस्था को सवालों के घेरे में ला रहा है।

## दो साल से अधूरे सीवरेज कार्य पर क्षेत्र वासियों का फूटा गुस्सा



### सड़क पर लगाया जाम,महिलाओं ने गाए राजस्थानी गीत, आश्वासन के बाद खत्म हुआ आंदोलन

स्मार्ट हलचल

**पुनित चपलोत भीलवाड़ा।** शहर के पुलिस लाइन क्षेत्र में पिछले दो वर्षों से अधूरे पड़े सीवरेज कार्य और जर्जर सड़क से परेशान स्थानीय लोगों का सोमवार को गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी पुलिस लाइन रोड स्थित शिव मंदिर के बाहर सड़क पर धरने पर बैठ गए और मुख्य मार्ग जाम कर दिया। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए पारंपरिक राजस्थानी गीत गाकर अनोखे अंदाज में विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि सीवरेज कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने से मुख्य मार्ग लंबे समय से बाधित है। कई बार शिकायतें और जनसुनवाई में ज्ञापन देने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, जिससे क्षेत्रवासियों को रोजाना भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों को स्कूल छोड़ने से लेकर आम आवाजाही तक प्रभावित हो रही है। सूचना मिलने पर प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और जल्द सीवरेज कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद लोगों ने धरना और सड़क जाम समाप्त कर दिया। पूर्व पार्षद ललित भाटी ने बताया कि पिछले 14 महीनों से वे लगातार सीवरेज विभाग और नगर निगम के अधिकारियों को चेताते आ रहे हैं। कई बार जनसुनवाई में पत्र देने के बावजूद अधिकारी केवल लीपापोती करते रहे और क्षेत्र की समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने कहा कि जब तक काम शुरू नहीं होता, तब तक क्षेत्रवासी आंदोलन जारी रखने को मजबूर होंगे।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत

स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर ( सांवर वैष्णव )** नेशनल हाईवे 758 पर बिगोद कस्बे में आज मंगलवार सुबह एक ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई, सूचना पर पहुंची बिगोद थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों के सुपुर्द किया । बिगोद थाना एएसआई सत्यनारायण वैष्णव ने बताया कि मंगलवार सुबह बिगोद कस्बे में एक ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ घायल हो गया, घायल को जिला चिकित्सालय में पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने रघुनाथ सिंह पिता सरवन सिंह राजपूत उम्र 59 वर्ष निवासी सबला जी का खेड़ा, सवाईपुर को मृत घोषित किया । जानकारी के अनुसार मृतक रघुनाथ सिंह अपनी बहन के ससुराल मूही, बिगोद से भीलवाड़ा काम पर जा रहा था, इसी दौरान यह हादसा हो गया । हादसे की सूचना मिलते ही सबला जी का खेड़ा गांव में कोहराम मच गया और परिवार जनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया । पुलिस ने जिला चिकित्सालय में शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपूर्द किया । पुलिस ने ट्रैक्टर को डिटेन कर थाने में खड़ा करवाया, और मामला दर्ज कर जांच शुरू की ।



गंगापुर थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## अफीम तस्कर गिरफ्तार, अवैध बजरी परिवहन पर भी शिकंजा

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** ज़िले के गंगापुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाइयों में अवैध गतिविधियों पर नकेल कसते हुए सफलता हासिल की।

01 अगस्त 2026 को गंगापुर थाना पुलिस ने रायपुर रोड पर नाकाबंदी कर श्याम लाल बंजारा (33) निवासी रतनपुरा को गिरफ्तार किया।

उसके कब्जे से 105 ग्राम अफीम बरामद हुई और प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल (RJ06-ZS-9029) जब्त की गई।

इस मामले में थाना गंगापुर पर प्रकरण संख्या 198/26 धारा 08/18 एनडीपीएस एक्ट में दर्ज किया गया।

02 अगस्त 2026 को गश्त के दौरान पुलिस ने रिको एरिया गंगापुर में बजरी से भरे पिकअप (RJ27-GF-1192) को जब्त किया।

इस संबंध में प्रकरण संख्या 201/2026 धारा 303(2), 112(2) बीएनएस व 4/21 एमएमडीआर एक्ट में दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री सागर राणा के आदेशानुसार और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहाड़ा श्री बुद्धराज व वृत्ताधिकारी गंगापुर श्री सुदर्शन पालीवाल के सुपरविजन में इन कार्रवाइयों के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया था।

**गिरफ्तार अभियुक्त -** श्याम लाल बंजारा, पिता किशन लाल बंजारा, उम्र 33 वर्ष, निवासी बंजारा बस्ती रतनपुरा (सालेरा), थाना गंगापुर।

## गंगापुर मनोकामना पूर्ण होने पर सांवरिया सेठ को चांदी की बोरवेल गाड़ी भेंट करेंगे



स्मार्ट हलचल

**(दिनेश लक्षकार) गंगापुर** शिवरती निवासी लादू लाल राणावत व उनकी पत्नी को सोमवार सुबह गांव के ग्रामीणों ने तिलक लगाकर व माला पहनाकर मंडफिया धाम के लिए पैदल यात्रा पर रवाना किया। राणावत के जय अंबे बोरवेल नाम की फर्म है । दंपति मेवाड़ के आराध्य देव सांवरिया सेठ के दरबार में पहुंचकर अपनी मनोकामना पूर्ण होने की कृतज्ञता स्वरूप शुद्ध चांदी की 311 ग्राम वजन की जय अंबे बोरवेल गाड़ी भेंट करेंगे।लादू लाल राणावत ने बताया कि उनकी मनोकामना पूरी होने के उपलक्ष्य में उन्होंने यह भेंट चढ़ाने का संकल्प लिया था। शिवरती से मंडफिया धाम तक पैदल यात्रा पूरी करने के बाद वे सांवरिया सेठ के समक्ष यह चांदी की बोरवेल गाड़ी अर्पित करेंगे।स्थानीय श्रद्धालुओं में इस घटना की काफी चर्चा हो रही है।

## कुलगाम आतंकी हमले में मारे गए किसानों को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि, केंद्र सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा //** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए किसानों को श्रद्धांजलि देने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को सूचना केंद्र चौराहे पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। इस दौरान आतंकियों की गोलीबारी में जान गंवाने वाले दीपक रात्रे और भूपेंद्र रैना के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। पीसीसी सदस्य मनोज पालीवाल ने कहा कि 31 जुलाई 2026 की रात जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में आतंकियों ने नाम पूछकर दीपक रात्रे और भूपेंद्र रैना की गोली मारकर हत्या कर दी। दोनों मजदूरी करने जम्मू-कश्मीर गए थे। उन्होंने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह बेहद दुखद और निंदनीय है। पालीवाल ने कहा कि देश की सीमाओं से लेकर देश के भीतर तक आम नागरिक और मजदूर भी सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार को देश की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए और इस मामले में शीघ्र एवं कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दोनों दिवंगत किसानों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

## थाना गंगापुर की अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ कार्यवाही, पिकअप में अवैध बजरी परिवहन करते हुये पिकअप जब्त

स्मार्ट हलचल

**गंगापुर** - अवैध बजरी माफियो ने निकाला नया तरीका पिकअप से करने लगे बजरी परिवहन। नेतराम हैड. कांस्टेबल मय जाप्ता के गश्त रिको एरिया गंगापुर में पिकअप वाहन से अवैध बजरी परिवहन करते समय अवैध बजरी भरे पिकअप को जब्त कर अवैध बजरी परिवहन के सम्बंध में प्रकरण दर्ज किया गया।



# ईआरसीपी की बजरी पर स्थानीय लोगों का भी हक, रियायती दर पर उपलब्ध कराने की मांग

## मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन; पुलिसकर्मियों के तबादले और चारभुजा नाथ धोड़ प्रकरणों की निष्पक्ष समीक्षा की भी उठाई मांग

स्मार्ट हलचल

**अलकेश पारीक जहाजपुर।** ईआरसीपी (ERCP) परियोजना के तहत निकलने वाली बजरी स्थानीय नागरिकों को भी नियमानुसार एवं रियायती दर पर उपलब्ध कराने की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों ने सोमवार को उपखंड अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्थानीय हितों से जुड़े तीन प्रमुख मुद्दों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि ईआरसीपी परियोजना के तहत जिस प्रकार रॉयल्टी रवन्ना जारी कर बजरी का परिवहन किया जा रहा है, उसी प्रकार स्थानीय नागरिकों को भी उनकी आवश्यकता के अनुरूप नियमानुसार बजरी उपलब्ध कराई जाए। क्षेत्रवासियों का कहना है कि स्थानीय स्तर पर बजरी उपलब्ध नहीं होने से मकान निर्माण, मरम्मत, पंचायत स्तरीय विकास कार्य एवं अन्य निर्माण गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं।



**निर्धारित दर से अधिक राशि वसूले जाने का आरोप**

ज्ञापनकर्ताओं ने आरोप लगाया कि स्थानीय स्तर पर बजरी के लिए निर्धारित रॉयल्टी दर से अधिक राशि वसूली जा रही है, जबकि आम नागरिकों को ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से उचित एवं निर्धारित दर पर बजरी उपलब्ध नहीं हो रही। इससे निर्माण कार्यों की लागत बढ़ रही है और विकास कार्यों की गति भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने सरकार से स्थानीय नागरिकों के लिए स्पष्ट एवं पारदर्शी व्यवस्था लागू करने की मांग की।

**पांच वर्ष से एक ही स्थान पर कार्यरत पुलिसकर्मियों के तबादले की मांग**

ज्ञापन में जहाजपुर तहसील क्षेत्र में पांच वर्ष से अधिक समय से एक ही स्थान पर कार्यरत पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के स्थानांतरण की मांग भी उठाई गई। ज्ञापनकर्ताओं का कहना है कि लंबे समय से एक ही स्थान पर पदस्थापित कार्मिकों का नियमानुसार तबादला किया जाना चाहिए।

**चारभुजा नाथ धोड़ विवाद के मामलों की निष्पक्ष समीक्षा की मांग**

ज्ञापन में चारभुजा नाथ धोड़ की सीमा (बाउंड्री) विवाद से जुड़े दर्ज प्रकरणों की निष्पक्ष समीक्षा कराने की मांग भी की गई। ज्ञापनकर्ताओं ने मांग की कि निर्दोष लोगों के विरुद्ध दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएं तथा जांच में जो भी दोषी पाया जाए उसके विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री से तीनों मांगों पर जनहित में शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह करते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर नियमानुसार बजरी उपलब्ध होने से आमजन को आर्थिक राहत मिलेगी तथा क्षेत्र में रुके हुए विकास एवं निर्माण कार्यों को भी गति मिलेगी।

# बिना NOC चल रहे नर्सिंग कॉलेजों पर फूटा छात्रों का गुस्सा,दंडवत करते कलेक्ट्रेट पहुंचे नर्सिंग छात्र और एनएसयूआई कार्यकर्ता,सौंपे ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जिले में संचालित नर्सिंग कॉलेजों की एनओसी (NOC) को लेकर सोमवार को नर्सिंग विद्यार्थियों और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी मुखर्जी उद्यान से दंडवत प्रणाम करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और शिक्षा मंत्री व जिला कलेक्टर के नाम एडीएम सिटी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। एनएसयूआई प्रदेश सचिव अजय खोईवाल ने आरोप लगाया कि जिले में कई नर्सिंग कॉलेज बिना वैध एनओसी के संचालित हो रहे हैं, जिससे हजारों विद्यार्थियों का भविष्य अधर में लटक गया है। उन्होंने मांग की कि सभी नर्सिंग कॉलेजों की एनओसी सार्वजनिक की जाए और नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों पर सख्त कार्रवाई हो। उन्होंने बताया कि एडीएम ने कार्रवाई का आश्वासन दिया, लेकिन धरना-प्रदर्शन की अनुमति देने से यह कहते हुए इनकार कर दिया कि यह उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं है। प्रदर्शन में शामिल नर्सिंग छात्र दीपक ने कहा कि कॉलेज प्रशासन से कई बार एनओसी की मांग करने के बावजूद कोई समाधान नहीं निकला। उन्होंने आरोप लगाया कि एनओसी नहीं होने के कारण छात्रों का भविष्य संकट में है। समय पर परिणाम जारी नहीं होते, परीक्षा फॉर्म अंतिम समय में भरवाए जाते हैं और डिग्री की मान्यता को लेकर भी अनिश्चितता बनी हुई है। उनका कहना था कि यदि स्थिति नहीं सुधरी तो भविष्य में सरकारी और निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रभावित होंगे। छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।



### अवैध बजरी परिवहन पर मांडलगढ़ पुलिस का बड़ा एक्शन: बजरी से भरे 2 टीपर जप्त, एक चालक गिरफ्तार

# एसपी सागर राणा के निर्देशों पर तड़के 2 बजे नाकाबंदी कर पुलिस ने दबोचा, अंधेरे का फायदा उठाकर दूसरा चालक फरार...

स्मार्ट हलचल

**मांडलगढ़।** क्षेत्र में अवैध खनन एवं बजरी के अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मांडलगढ़ थाना पुलिस ने सोमवार तड़के बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस टीम ने एनएच 758ए सरहद होडा पर नाकाबंदी के दौरान अवैध बजरी से भरे 2 टीपरों को जप्त किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक टीपर चालक को मौके पर ही धर दबोचा, जबकि दूसरा चालक अंधेरे का फायदा उठाकर खेतों की तरफ भाग निकला। जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा (IPS) के आदेशानुसार जिले में अवैध बजरी खनन व परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) राजेश आर्य के निर्देशन एवं वृताधिकारी (CO) मांडलगढ़ योगेश शर्मा के सुपरविजन में थानाधिकारी राजकुमार नायक (पु.नि.) के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था। थानाधिकारी राजकुमार नायक ने बताया कि सोमवार तड़के लगभग 2:05 बजे हेड कांस्टेबल रजनीश कुमार मय जाप्ता एनएच 758ए सरहद होडा पर गश्त व चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान त्रिवेणी की तरफ से दो बजरी भरे टीपर आते दिखाई दिए। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों वाहनों को रुकवाया। प्रथम टीपर (रजिस्ट्रेशन नं. RJ 09 GE 0921) के चालक नारायण लाल पिता सोलाल गुर्जर (उम्र 32 वर्ष, निवासी बिलोड, थाना बिगोध, जिला भीलवाड़ा) से वाहन में भरी खनिज बजरी के परमिट व रवन्ना संबंधी दस्तावेज मांगे गए, तो वह कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। इस पर पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर वाहन जप्त कर लिया। वहीं द्वितीय टीपर (रजिस्ट्रेशन नं. RJ 09 GD 6795) का चालक पुलिस को देखकर अंधेरे का लाभ उठाते हुए खेतों की तरफ फरार हो गया। पुलिस ने दोनों टीपरों को भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 303(2), 112(2) तथा 4/21 एमएमडीआर एक्ट के तहत जप्त कर लिया है। घटना के संबंध में मांडलगढ़ थाने में प्रकरण संख्या 197/2026 दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। पुलिस टीम में थानाधिकारी राजकुमार नायक, हेड कांस्टेबल रजनीश कुमार, कांस्टेबल मूलचन्द व गोपाल लाल शामिल रहे।



# नगर पालिका में स्थाई ईओ लगाने की मांग को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी ने दिया ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**गंगापुर -** नगर पालिका क्षेत्र में विगत लगभग एक-डेढ़ माह से अधिशासी अधिकारी का पद रिक्त होने के कारण नगर पालिका का प्रशासनिक कार्य गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। इसका सीधा दुष्प्रभाव आमजन पर पड़ रहा है तथा नागरिकों को आवश्यक सुविधाएँ एवं सेवाएँ समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। इस मांग को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी के नाम सहाड़ा तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया। नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरज चंदेल ने बताया कि नगर पालिका में पिछले लगभग डेढ़ माह से अधिशासी अधिकारी नहीं होने के कारण आमजन को दैनिक एवं आवश्यक कार्य समय पर नहीं हो पा रहे हैं। अतः नगर पालिका में तत्काल प्रभाव से नियमित अधिशासी अधिकारी की नियुक्ति करवाई जाए अथवा सक्षम अधिकारी को पूर्णकालिक दायित्व सौंपा जाए।



अधिशासी अधिकारी के अभाव में 'मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत वर्तमान पखवाड़े से श्रमिकों का आवंटन नहीं हो पाया, जिससे अनेक श्रमिकों को रोजगार से वंचित रहना पड़ा। मिल गेट से रायपुर रोड' तक सड़क निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है तथा सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने से आमजन को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उक्त सड़क का शीघ्र निर्माण एवं मरम्मत कराया जानाअत्यंत आवश्यक है। नगरपालिका क्षेत्र की पनघट व्यवस्था लंबे समय से बंद पड़ी है, जिससे पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है। नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था अत्यंत खराब स्थिति में है तथा नियमित सफाई नहीं होने से आमजन को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही वर्षा ऋतु के दौरान नालों की समय पर सफाई नहीं होने के कारण गंदा पानी एवं कचरा सड़कों पर फैल रहा है. जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। अधिशासी अधिकारी के अभाव में कर्मचारियों पर प्रशासनिक नियंत्रण नहीं होने से कई कर्मचारी मनमाने ढंग से कार्य कर रहे हैं, जिससे आम नागरिकों के कार्य अनावश्यक रूप से लंबित हो रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी शिविर भी केवल औपचारिकता बनकर रह गए हैं। शिविरों में न तो संबंधित कर्मचारी समय पर उपलब्ध रहते हैं और न ही नागरिकों के कार्य निर्धारित समय में किए जा रहे हैं।पूर्व में जिन अधिकारियों को नगर पालिका का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था, वे भी सप्ताह में केवल शुक्रवार से रविवार तक ही नगर पालिका आकर अपने सीमित कार्यों का निष्पादन करते रहे, जिससे नगर पालिका का नियमित प्रशासन प्रभावित रहा और आमजन की समस्याओं का समाधान नहीं हो सका।

**अतः** आपसे विनम्र अनुरोध है कि उपर्युक्त सभी समस्याओं का तत्काल प्रभाव से निराकरण करवाया जाए तथा आमजन को आवश्यक राहत प्रदान की जाए, जिससे नागरिकों के दैनिक कार्य समय पर संपादित हो सकें एवं नगर क्षेत्र की मूलभूत व्यवस्थाएँ सुचारु रूप से संचालित हो सकें। यदि उक्त मांगों पर शीघ्र प्रभावी कार्रवाई नहीं की। जाती है, तो कांग्रेस पार्टी एवं क्षेत्र की आम जनता जनहित में लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण जन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी समस्त जिम्मेवारी प्रशासन की होगी। आशा है कि आप जनहित के इन महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करेंगे। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र त्रिवेदी सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## डॉ. अल्का गुर्जर ने राज्यसभा में उठाई भगवान देवनारायण जन्मस्थली मालासेरी डूंगरी व सवाई भोज मंदिर क्षेत्र को हेरिटेज कॉरिडोर के रूप में विकसित करने की मांग

स्मार्ट हलचल

**दिनेश साहू आसींद ।** संसद भवन में शून्यकाल के दौरान राज्यसभा सांसद डॉ. अल्का गुर्जर ने आसींद क्षेत्र के धार्मिक और सांस्कृतिक विकास को लेकर पहली बार अपना पक्ष रखते हुए केंद्र सरकार के समक्ष एक महत्वपूर्ण मांग प्रस्तुत की। डॉ. अल्का गुर्जर ने अपने वक्तव्य में कहा कि भगवान श्री देवनारायण जी की पावन जन्मस्थली मालासेरी डूंगरी से भगवान श्री सवाई भोज मंदिर तक एक भव्य हेरिटेज कॉरिडोर विकसित किया जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने भगवान श्री सवाई भोज के ऐतिहासिक प्रेमसागर तालाब को अमृतसर स्थित श्री हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) के पवित्र सरोवर की तर्ज पर विकसित करने की बात रखी। सांसद ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि दोनों प्रमुख तीर्थस्थलों के मध्य फोर लेन सड़क संपर्क विकसित किया जाए। दोनों स्थानों पर राष्ट्रीय स्तर के पैनोरमा, डिजिटल संग्रहालय एवं ओपन एयर थिएटर की स्थापना की जाए।




**इन सभी विकास कार्यों के लिए आवश्यक बजट उपलब्ध कराया जाए।**

उन्होंने विश्वास जताया कि इस महत्वाकांक्षी पहल से क्षेत्र में धार्मिक एवं ग्रामीण पर्यटन को अभूतपूर्व गति मिलेगी। साथ ही सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण होगा, स्थानीय युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और पूरे क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को एक नई दिशा मिलेगी।

**चुनावी शंखनाद**

# देहात कांग्रेस की साधारण सभा आयोजित, बूथ स्तर पर मजबूती और जनसंपर्क पर जोर

### 'बूथ मजबूत तो जीत तय' - जाट

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा ।** आगामी पंचायत राज एवं नगर निकाय चुनावों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी (देहात) ने सोमवार को हरणी महादेव स्थित सोनी (माहेश्वरी) धर्मशाला में साधारण सभा आयोजित कर चुनावी तैयारियों का शंखनाद किया। जिलाध्यक्ष रामलाल जाट की अध्यक्षता में हुई बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने और चुनावी रणनीति पर विस्तार से मंथन किया गया। बैठक में राजस्थान सरकार की पूर्व मंत्री एवं जिला प्रभारी नसीम अख्तर ने कहा कि कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अभी से गांव-गांव जाकर जनता के बीच सक्रिय होने और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष रामलाल जाट ने कहा कि पंचायत और निकाय चुनाव जनता के अधिकारों और स्वाभिमान की लड़ाई हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि यदि हर बूथ मजबूत होगा तो कांग्रेस की जीत तय होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और ढाणी-ढाणी जाकर जनसंपर्क बढ़ाने तथा चुनावी तैयारियों में पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया। बैठक में जिला सह प्रभारी कैलाश झालीवाल एवं मांडल विधानसभा प्रभारी भगवान मुक्कड़ ने भी चुनावी रणनीति और संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने संबंधी सुझाव दिए। सभा के बाद सावन के प्रथम सोमवार के अवसर पर जिलाध्यक्ष रामलाल जाट सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हरणी महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया तथा जिले में सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष कैलाश व्यास, पूर्व विधायक प्रदीप कुमार सिंह, राजेंद्र त्रिवेदी, दुर्गेश शर्मा, महेश सोनी, भंवर गर्ग, प्रद्युमन सिंह, मधु जाजू, सुशीला सालवी सहित बड़ी संख्या में पीसीसी सदस्य, वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधि, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी और कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विष्णु शर्मा बने बालाजी गौवंश हेल्पलाइन के जिलाध्यक्ष, गौभक्तों में खुशी की लहर

**विहिप प्रांत प्रमुख धाकड़ व राजस्थान प्रमुख सैन की मौजूदगी में सौंपी गई बड़ी जिम्मेदारी; बारिश की बूंदों के बीच हुआ स्वागत**

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा (भीलवाड़ा)** गौसेवा और गौसंरक्षण के क्षेत्र में अग्रणी संस्था 'बालाजी गौवंश हेल्पलाइन' द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए विष्णु शर्मा को सर्वसम्मति से 'शाहपुरा जिलाध्यक्ष' के महत्वपूर्ण पद पर मनोनीत किया गया है। विष्णु शर्मा की गौसेवा के प्रति निरंतर निष्ठा, समर्पण और सक्रिय भूमिका को देखते हुए संस्था के मैनेजमेंट प्रभारी ओमप्रकाश साहू ने उन्हें तहसील अध्यक्ष पद से पदोन्नत कर जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपने की घोषणा की।

**वरिष्ठ पदाधिकारियों के सामने हुआ मनोनयन**

यह घोषणा विश्व हिंदू परिषद (विहिप) चित्तौड़ प्रांत के नवनियुक्त प्रांत गोरक्षा प्रमुख रामेश्वर लाल धाकड़, बालाजी गौवंश हेल्पलाइन अध्यक्ष खुशराज वैष्णव और राजस्थान प्रमुख राजेश सैन की गरिमामयी उपस्थिति में की गई। इस अवसर पर संस्था द्वारा धाकड़ एवं सैन का नागरिक अभिनंदन व सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया था।



**इंद्रदेव ने बारिश की बूंदों से किया अभिनंदन**

धाकड़ व सेन के अभिनंदन एवं नव-नियुक्त जिलाध्यक्ष विष्णु शर्मा के मनोनयन के दौरान झमाझम बारिश की बूंदों ने कार्यक्रम को और अधिक स्मरणीय बना दिया। उपस्थित सैकड़ों गौभक्तों ने इसे 'इंद्रदेव का आशीर्वाद' मानते हुए 'जय श्री राम' और 'जय गौमाता' के नारों से पूरा परिसर गुंजायमान कर दिया।

**युवाओं को गौसेवा से जोड़ना मुख्य लक्ष्यः धाकड़**

समारोह को संबोधित करते हुए प्रांत गोरक्षा प्रमुख रामेश्वर धाकड़ ने कहा कि विष्णु शर्मा जैसे ऊर्जावान युवाओं का नेतृत्व में आना संगठन को नई मजबूती प्रदान करेगा। युवाओं का गौसेवा में आगे आना देश और संस्कृति की रक्षा के लिए अति-आवश्यक है।

**इनकी रही मौजूदगी**

इस गौरवपूर्ण अवसर पर दिनेश प्रजापत, कमल बगड़ावत, सुरेश भाट, नीरज भाट, रवि खारोल, भगवत सिंह लूलांस, प्रतीक देव गुर्जर, मुकेश प्रजापत, परमानंद धोबी, भगवान लढ़ा व देवराज जाट सहित बड़ी संख्या में गौभक्त उपस्थित रहे। अंत में नव-नियुक्त जिलाध्यक्ष विष्णु शर्मा के नेतृत्व में सभी ने निरंतर गौसेवा और गौसंरक्षण का संकल्प लिया।

# 'राह-वीर योजना' के तहत गोल्डन ऑवर में घायल की जान बचाने वालों को सरकार देगी

### 25 हजार रुपए का नकद सम्मान व प्रशस्ति पत्र

### एक वर्ष में अधिकतम पांच बार मिल सकता है नकद पुरस्कार

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायल लोगों को गोल्डन ऑवर (दुर्घटना के बाद का पहला एक घंटा) के भीतर अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाने वाले मददगार नागरिकों को अब सरकार सम्मानित करेगी। भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की 'राह-वीर योजना' के तहत ऐसे नागरिकों को 25 हजार रुपये का नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि योजना का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को समय पर उपचार उपलब्ध कराकर उनकी जान बचाना तथा आमजन को मानवता के नाते आगे आकर सहायता करने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के बाद का पहला एक घंटा अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान घायल को अस्पताल पहुंचाने पर उसके जीवन बचने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ उस व्यक्ति को मिलेगा, जिसने सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर के भीतर अस्पताल पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हो। योजना के अंतर्गत ऐसे मामले शामिल हैं, जिनमें गंभीर चोट के कारण बड़ी सर्जरी की आवश्यकता हो, घायल को तीन दिन या उससे अधिक समय तक अस्पताल में भर्ती रहना पड़े, मस्तिष्क अथवा रीढ़ की गंभीर चोट हो या उपचार के दौरान घायल की मृत्यु हो जाए।

**पुलिस एवं अस्पताल करेंगे पात्रता का सत्यापन**

सीएमएचओ ने बताया कि पुरस्कार के लिए पात्रता का सत्यापन संबंधित पुलिस एवं अस्पताल द्वारा किया जाता है। इसके उपरांत जिला स्तरीय मूल्यांकन समिति की अनुशंसा पर पीएफएमएस के माध्यम से पुरस्कार राशि सीधे पात्र व्यक्ति के बैंक खाते में हस्तांतरित की जाती है। एक व्यक्ति को एक वित्तीय वर्ष में अधिकतम पांच बार इस सम्मान के लिए चयनित किया जा सकता है।

**आमजन डर नहीं, मानवता दिखाएं**

सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने कहा कि अक्सर लोग कानूनी कार्रवाई, पुलिस पूछताछ या न्यायालयी प्रक्रिया के डर से सड़क दुर्घटना के घायलों की सहायता करने से पीछे हट जाते हैं। कई लोगों को यह भी भ्रम रहता है कि अस्पताल में उन्हें अनावश्यक पूछताछ या जिम्मेदारी का सामना करना पड़ेगा। 'राह-वीर योजना' का उद्देश्य इसी मानसिकता को बदलना है। जो नागरिक केवल मानवता के नाते घायल को समय पर अस्पताल पहुंचाएगा, उसे किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी, बल्कि सरकार उसकी इस संवेदनशील पहल का सम्मान करेगी। सीएमएचओ ने आमजन से अपील की कि सड़क दुर्घटना होने पर घबराएं नहीं, बल्कि तत्काल एम्बुलेंस एवं पुलिस को सूचना देने के साथ-साथ घायल को निकटतम अस्पताल पहुंचाने में सहयोग करें। प्रत्येक नागरिक की समय पर की गई छोटी-सी मदद किसी व्यक्ति के लिए नया जीवन साबित हो सकती है।

## धर्मशाला धनोप माता जी में आम सभा आयोजित, गेट निर्माण व पौधारोपण पर निर्णय

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा,** धर्मशाला धनोप माता जी परिसर में आज समिति के संरक्षक की अध्यक्षता में आम सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता भागचंद बलाई निवासी कनेछन कलां एवं नंदकिशोर बलाई निवासी रतनपुरा ने संयुक्त रूप से की। सभा में सर्वप्रथम समिति के संरक्षक ने धर्मशाला के मुख्य गेट पर छत डलवाने के लिए 'खरीद कमेटी' गठित करने का प्रस्ताव रखा। प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा के बाद सर्वसम्मति से इसे पारित किया गया।

**गठित खरीद कमेटी में निम्न पदाधिकारी शामिल किए गएः**

1. उपाध्यक्ष - बजरंग बलाई, कैरोट
2. कोषाध्यक्ष - देबीलाल बलाई, देवरी
3. सचिव - सुरेश बलाई, आसण
4. महामंत्री - रमेश बलाई, उमेदपुरा
5. सदस्य - कैलाश बलाई, जयसिंहपुरा एवं जगदीश बलाई, नई राज्यास

प्रस्ताव का समर्थन समाज के सक्रिय सदस्यों बन्नालाल बलाई, तस्वारिया बासां, कैलाश बलाई नई राज्यास, रामेश्वर बलाई रतनपुरा, रामेश्वर बलाई उमेदपुरा, छाना लाल बलाई, पांचू बलाई, गोपाल बलाई पुरानी अरवड़, गोपाल बलाई कैरोट सहित अनेक समाज बंधुओं ने किया।



सभा में समिति सचिव सुरेश जलवानिया निवासी आसण द्वारा 'धर्मशाला परिसर में पौधारोपण' का प्रस्ताव भी रखा गया। इस प्रस्ताव का समिति संरक्षक शंकर बलाई, अध्यक्षगण भागचंद बलाई, नंदकिशोर बलाई एवं समस्त समिति सदस्यों ने समर्थन कर परिसर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर समिति को समाजसेवी महावीर बलाई मकवाणा, गांगलास द्वारा वाटर कूलर भेंट किया गया। इसके लिए समिति के सभी पदाधिकारियों एवं समाज के मोतवीर सदस्यों ने हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में समिति अध्यक्ष गोवर्धन बुनकर एवं उपाध्यक्ष बजरंग बलाई निवासी कैरोट ने सभा में उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त कर सभा का समापन किया।

## सावन का प्रथम सोमवार,मंदिरों में उमड़ी भीड़, भक्तों ने किया अभिषेक

स्मार्ट हलचल

**काछोला** कस्बे सहित क्षेत्र के धामनिया, सरथला,राजगढ़, थलकला,मानपुरा में सावन महीने के पहले सोमवार को शहर के शिवालयों में हर-हर महादेव, जय ओम शिवकारा की गूंज सुनाई दी। अल सुबह से ही श्रद्धालुओं की मंदिरों में खासी भीड़ रही। वहीं शिव मंदिरों के साथ अन्य मंदिरों पर भी दिनभर भक्तों को तांता लगा रहा है। साथ ही अंचल के सभी प्रमुख शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। गौरतलब है कि सावन माह के पहले सोमवार दिन शिवलिंगों का दूध, जल से अभिषेक किया गया। शिवलिंगों को पुष्प, बेल पत्र, आंक, धतूरे से सजाकर महाआरती की गई। इस दौरान मंदिरों में घंटी, घड़ियाल, शंख व झालर के बीच भोलेनाथ के उद्धोष से माहौल भक्तिमय बना रहा।



**सावन की उमंग में झलकी संस्कृति, संस्कार और आरकेआरसी माहेश्वरी महिला शक्ति की अनुपम छटा**

# सावन की फुहार, लहरियों का श्रृंगार थीम पर 150 महिलाओं की सहभागिता, संस्कृति, संस्कार और सृजनशीलता का दिखा अनूठा संगम...

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा (पंकज पोरवाल)।** सावन की हरियाली, राजस्थानी लोक संस्कृति और पारिवारिक संस्कारों की छटा उस समय देखने को मिली जब आरकेआरसी माहेश्वरी महिला संगठन ने सावन की फुहार, लहरियों का श्रृंगार थीम पर भव्य सावन महोत्सव-2026 का आयोजन किया। करीब 150 महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी वाले इस आयोजन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, इको-फ्रेंडली राखी प्रतियोगिता, प्रेरक उद्बोधन और मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण, पारिवारिक मूल्यों और भारतीय संस्कृति का संदेश दिया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ममता मोदानी, प्रदेश अध्यक्ष सीमा कोगटा, जिला मंत्री निशा काकानी मौजूद रहे। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन अध्यक्षा पल्लवी लढा ने की। लढा ने बताया कि बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता ने आयोजन को यादगार बना दिया। अतिथि नीलू मालू ने बौद्धिक कुटुंब प्रबोधन विषय पर प्रेरक उद्बोधन देते हुए परिवार की एकता, संस्कारों और पारिवारिक मूल्यों को मजबूत बनाने का संदेश दिया। सचिव रंजना बिरला ने बताया कि आयोजन में इको-फ्रेंडली राखी मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने भैया-भाभी के लिए आकर्षक एवं पर्यावरण-अनुकूल राखियां तैयार कीं। प्रतियोगिता का संचालन राजकुमारी राठी एवं मितिका लढा ने किया। मीडिया प्रभारी सविता माहेश्वरी ने बताया कि सावन महोत्सव में महिलाओं ने राजस्थानी वेशभूषा में मनमोहक समूह नृत्य प्रस्तुत कर लोक संस्कृति की जीवंत झलक पेश की। इस प्रस्तुति का संयोजन रेनू समदानी एवं शिल्पा काष्ट ने किया। वहीं फन गेम्स के माध्यम से टीम भावना, सकारात्मक सोच और विपरीत परिस्थितियों में संतुलित रहने का संदेश दिया गया। इन गतिविधियों का संचालन सुमन भंडारी, चेतना जागेटिया एवं प्रीति काबरा ने किया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन पूनम डाड एवं मीनू झंवर ने किया। अंत मे विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लाड देवी लढा, वंदना नुवाल, इंद्रा हेडा, स्नेहलता तोषनीवाल, सरोज सोमानी, सुमित्रा दरगड़, सुनीता मूंदड़ा, चंद्रकांता गगरानी, सुनीता नराणीवाल, प्रिया न्याति, सीमा बिरला, सुमन दरगड़, आशा दरगड़, सुनीता काबरा, सुनीता बिरला, मधु बिरला, आभा माहेश्वरी, मोनिका चेचानी, रेखा इनाणी, रीना माहेश्वरी सहित बड़ी संख्या में सदस्याएं उपस्थित रहीं। यह आयोजन सावन की उमंग, पारिवारिक संस्कार, सांस्कृतिक परंपराओं और महिला सशक्तिकरण का सुंदर संगम बनकर सभी के लिए अविस्मरणीय बन गया।

### सावन में शाहपुरा की फिजाओं पर छाया सफेद परिंदों का संसार...

# सुबह कर्म की उड़ान....शाम को परिवार संग बसेरा, बगुलों से प्रकृति दे रही एकता और अपनत्व का संदेश

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा-मूलचन्द पेसवानी** सावन की हरियाली, बादलों की अठखेलियां, तालाबों में लहराता निर्मल जल, खेतों की हरित चादर और वृक्षों पर गूंजता पक्षियों का मधुर कलरव... इन दिनों शाहपुरा का प्राकृतिक सौंदर्य अपने पूरे शबाब पर है। इसी मनोहारी वातावरण में सैकड़ों सफेद बगुलों का सामूहिक डेरा नगरवासियों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। सुबह होते ही सफेद परिंदों के झुंड खुले आसमान में पंख फैलाकर भोजन की तलाश में निकल पड़ते हैं और जैसे ही सूर्य अस्ताचल की ओर बढ़ता है, वही बगुले फिर एक ही वृक्ष पर लौटकर ऐसा दृश्य रचते हैं, जिसे देखकर हर कोई ठिठक जाता है। शाम के समय दूर से देखने पर विशाल वृक्ष की डालियों पर बैठे सैकड़ों बगुले ऐसे प्रतीत होते हैं, मानो किसी कलाकार ने पूरे पेड़ को सफेद मोतियों की मालाओं से सजा दिया हो। प्रकृति का यह अनुपम नज़ारा शाहपुरा की पहचान बनता जा रहा है। हर दिन लोग इस दृश्य को देखने के लिए तालाबों और वृक्षों के आसपास पहुंच रहे हैं। बच्चों के चेहरे पर उत्साह, युवाओं के



मोबाइल कैमरों में कैद होते दृश्य और बुजुर्गों के चेहरे पर सुकून यह सब शाहपुरा की प्रकृति के जीवंत सौंदर्य की कहानी बयां कर रहे हैं।

**सुबह अलग-अलग राह... शाम को एक ही ठिकाना-**

जीव दया सेवा समिति के संयोजक एवं पर्यावरण प्रेमी अतू खा कायमखानी ने बताया कि सुबह की पहली किरण के साथ ही बगुलों के झुंड अपने-अपने बसेरों से उड़ान भरते हैं। कोई खेतों की ओर जाता है, कोई तालाबों के किनारे भोजन की तलाश करता है तो कोई दूरस्थ जलाशयों तक पहुंच जाता है। पूरा दिन प्रत्येक पक्षी अपने दायित्व में व्यस्त रहता है, लेकिन जैसे ही शाम ढलने लगती है, सभी बिना किसी भेदभाव के फिर एक ही वृक्ष पर लौट आते हैं। यह दृश्य केवल प्राकृतिक सौंदर्य का प्रतीक नहीं, बल्कि अनुशासन, परिवार और एकता का जीवंत उदाहरण भी है। सैकड़ों पक्षियों का एक साथ लौटना और एक-दूसरे के बीच सुरक्षित रहना प्रकृति के अद्भुत संतुलन की मिसाल है।

**बदलते दौर में प्रकृति का अनमोल संदेश-**

अतू खा कायमखानी ने कहा कि आज का समय तेजी से बदल रहा है। परिवार छोटे होते जा रहे हैं, रिश्तों में दूरियां बढ़ रही हैं और अपनत्व का भाव कमजोर पड़ता दिखाई देता है। ऐसे दौर में शाहपुरा की प्रकृति प्रतिदिन इन बगुलों के माध्यम से हमें जीवन का सबसे बड़ा संदेश दे रही है। उन्होंने कहा कि इन पक्षियों में न कोई ऊंच-नीच है, न कोई भेदभाव और न ही किसी प्रकार का अहंकार। सभी सुबह अपने-अपने कार्य के लिए निकलते हैं, पूरे मनोयोग से कर्म करते हैं और शाम होते ही अपने परिवार और समूह के पास लौट आते हैं। शायद इंसानों को भी इन नन्हे जीवों से यही सीख लेनी चाहिए कि जीवन में चाहे कितनी भी व्यस्तता क्यों न हो, परिवार, अपनापन और एकता से बढ़कर कुछ नहीं होता।

**शाहपुरा की प्रकृति बनी पक्षियों का सुरक्षित आशियाना-**

शाहपुरा के तालाब, हरियाली और विशाल वृक्ष वर्षों से अनेक पक्षियों के सुरक्षित बसेरे रहे हैं। सावन में जलस्रोतों के भरने और हरियाली बढ़ने के साथ यहां बगुलों की संख्या भी बढ़ जाती है। यह इस बात का प्रमाण है कि शाहपुरा का प्राकृतिक वातावरण आज भी पक्षियों के लिए अनुकूल और सुरक्षित बना हुआ है। पर्यावरण प्रेमियों का मानना है कि यदि जलस्रोतों, पेड़ों और प्राकृतिक आवासों का संरक्षण किया जाए तो आने वाली पीढ़ियां भी ऐसे ही मनोहारी दृश्य देख सकेंगी। बगुले केवल सुंदरता के प्रतीक नहीं, बल्कि पर्यावरण संतुलन के महत्वपूर्ण प्रहरी भी हैं।

**प्रकृति की पाठशाला-**

शाम ढलते ही जब सफेद बगुलों का विशाल झुंड एक साथ अपने बसेरे पर लौटता है तो मानो प्रकृति स्वयं कहती है

दिनभर कर्म करो, पर शाम अपने परिवार के नाम करो।

एकता में सुरक्षा है, अपनत्व में शक्ति है और प्रकृति में जीवन का सबसे बड़ा ज्ञान छिपा है।

शाहपुरा की फिजाओं में इन दिनों बिखरा यह मनोहारी दृश्य न केवल आंखों को सुकून देता है, बल्कि हर व्यक्ति के मन में प्रकृति, परिवार और पर्यावरण संरक्षण के प्रति नई चेतना भी जगाता है। सावन के इस मौसम में सफेद परिंदों की यह अनुशासित दुनिया सचमुच शाहपुरा की प्राकृतिक पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रही है।

# अमरतिया विद्यालय में एक कमरे व शौचालय को यथावत रखने को लेकर जिला कलेक्टर को भेजा पत्र



### विभाग ने संपूर्ण विद्यालय को करना चाहता जमींदोज

स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर ( सांवर वैष्णव )** क्षेत्र के बड़ला ग्राम पंचायत के अमरतिया गांव के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के भवन को पूर्व में जर्जर घोषित किया जा चुका है और इस संपूर्ण विद्यालय भवन को जमींदोज करने का आदेश हो चुका, लेकिन गत जून माह में पीडब्ल्यूडी कोटड़ी द्वारा रिसर्वे किया गया, जिसमें विद्यालय के एक कमरे व शौचालय को सुरक्षित बताया गया, परंतु विभाग संपूर्ण विद्यालय भवन को जमींदोज करना चाहता है, इसे लेकर एसएमसी सदस्यों व ग्रामीणों ने सोमवार को जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर एक कमरे व शौचालय को यथावत रखने की मांग की और पूरे विद्यालय को जमींदोज करने के आदेश को निरस्त कर नया आदेश जारी करने की मांग की । इस दौरान एसएमसी अध्यक्ष भैरूलाल माली, गोपाल लाल सुथार, कुलदीप सिंह पुरावत, भूपेंद्र सिंह पुरावत, भगवान सिंह पुरावत, गोपाल माली, श्यामलाल माली, विमला देवी सुथार, धापू देवी दरोगा, प्रेम देवी गुर्जर आदि कई मौजूद रहे ।

# नेत्रदान से अमर हुई इंसानियत, स्व. महेंद्र मानसिंहका ने दो जिंदगी को दी नई रोशनी



### परिजनों के प्रेरक निर्णय से सफल हुआ नेत्रदान; भारत विकास परिषद् का वर्ष का 11वां नेत्रदान

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी)** मृत्यु के बाद भी मानवता की मिसाल कायम करते हुए स्व. महेंद्र मानसिंहका के परिजनों ने नेत्रदान का प्रेरणादायी निर्णय लिया। पुत्र नीलेश मानसिंहका और विशाल मानसिंहका सहित परिवार की सहमति के बाद लायंस आई हॉस्पिटल की टीम ने राकेश पगारिया के नेतृत्व में सफलतापूर्वक नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी कराई। इस नेत्रदान से दो नेत्रहीन व्यक्तियों के जीवन में नई रोशनी पहुंचेगी। भारत विकास परिषद् वीर शिवाजी शाखा के अध्यक्ष कमलेश बोड़ाना ने बताया कि शाखा के सेवा प्रकल्प के तहत यह वर्ष का 11वां नेत्रदान है। उन्होंने समाज से अधिकाधिक लोगों से नेत्रदान का संकल्प लेने की अपील की। इस दौरान सुभाष मोटवानी, आदित्य व्यास, हितेश तोषणीवाल, योगेश मित्तल, डॉ. महेश अग्रवाल सहित परिषद् के पदाधिकारी एवं मानसिंहका परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# रिहायशी क्षेत्र में मोबाइल टावर लगाने का विरोध

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** शहर के सुभाषनगर थाना क्षेत्र स्थित पारीक छात्रावास के पास गुल अली नगरी में रिहायशी क्षेत्र के बीच मोबाइल टावर लगाए जाने के विरोध में स्थानीय नागरिकों का आक्रोश सामने आया। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष हमीद रंगरेज के नेतृत्व में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने सिटी एडीएम एवं थाना अधिकारी, सुभाषनगर को ज्ञापन सौंपकर प्रस्तावित मोबाइल टावर को तत्काल रुकवाने की मांग की। हमीद रंगरेज, जिला अध्यक्ष, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने बताया कि घनी आबादी वाले रिहायशी क्षेत्र में एक मकान की छत पर पहले से ही एक मोबाइल टावर स्थापित है, इसके बावजूद उसी मकान पर दूसरा मोबाइल टावर लगाया जा रहा है। इससे क्षेत्र के लोगों में भारी रोष है। उन्होंने कहा कि मोबाइल टावरों से निकलने वाले रेडिएशन का बच्चों, बुजुर्गों एवं आम नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बनी रहती है, इसलिए प्रशासन को जनहित में तुरंत



हस्तक्षेप करना चाहिए। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि संबंधित मकान मालिक ने स्थानीय लोगों के विरोध के बावजूद देर रात लगभग 12 बजे लोहे का भारी स्ट्रक्चर खड़ा करवा दिया। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह भारी ढांचा कभी भी गिर सकता है, जिससे आसपास के मकानों को नुकसान पहुंचने के साथ-साथ जनहानि की भी आशंका बनी हुई है। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि आवासीय भवन का व्यावसायिक उपयोग करते हुए दूसरा मोबाइल टावर लगाया जा रहा है, जो नियमों के विपरीत है। हमीद रंगरेज ने कहा कि स्थानीय नागरिकों ने कई बार समझाइश की, लेकिन संबंधित व्यक्ति ने टावर हटाने से साफ इनकार कर दिया। ऐसे में प्रशासन से मांग की गई है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर तत्काल निर्माण कार्य रुकवाया जाए तथा संबंधित व्यक्ति को दूसरा मोबाइल टावर लगाने से रोका जाए। ज्ञापन देने वाले शाहानवाज अंसारी,शाबीर पठान, खालिद रंगरेज, अकमल लुहार, के माध्यम से क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी कि यदि जनभावनाओं की अनदेखी कर रिहायशी क्षेत्र में दूसरा मोबाइल टावर लगाया गया तो स्थानीय नागरिक लोकतांत्रिक तरीके से व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। हमीद रंगरेज ने प्रशासन से जनहित, सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शीघ्र प्रभावी कार्रवाई की मांग की।

# आचार्य श्री पुलक सागर जी गुरुदेव ने किया दस्तक संस्था के 'स्वराज' कार्यक्रम पोस्टर का विमोचन

### 15 अगस्त को शहर में निकलेगी मशाल एवं तिरंगा यात्रा

स्मार्ट हलचल

**पुनित चपलोत भीलवाड़ा //** आगामी 15 अगस्त 2026 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दस्तक संस्था द्वारा आयोजित होने वाले 'स्वराज - महोत्सव आजादी का' कार्यक्रम के पोस्टर का विधिवत विमोचन जैन संत आचार्य श्री पुलक सागर जी गुरुदेव महाराज के करकमलों द्वारा चातुर्मास स्थल पर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया। दस्तक संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस को शहीदों की स्मृति और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ विशेष रूप से मनाया जाएगा। 15 अगस्त को रेलवे स्टेशन चौराहे से सूचना केंद्र चौराहे तक भव्य मशाल एवं तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें शहर के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक एवं युवा संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में भाग लेंगे। यात्रा के उपरांत सूचना केंद्र पर 'स्वराज महोत्सव आजादी का' कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, राष्ट्रगान, शहीदों को श्रद्धांजलि तथा देशभक्ति के संदेश देने



वाले विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संस्था का उद्देश्य नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम, सामाजिक जागरूकता एवं शहीदों के प्रति सम्मान की भावना को और अधिक मजबूत करना है। पोस्टर विमोचन के अवसर पर आचार्य श्री पुलक सागर जी गुरुदेव ने राष्ट्रसेवा, सामाजिक समरसता एवं नैतिक मूल्यों पर आधारित जीवन अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि युवाओं को देश के गौरवशाली इतिहास और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। दस्तक संस्था के प्रतिनिधियों ने शहरवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत आयोजन में सहभागी बनकर शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करें तथा तिरंगा यात्रा को ऐतिहासिक बनाने में सहयोग दें। पोस्टर विमोचन मे चातुर्मास आयोजन संयोजक मनीष शाह एवं पंकज जैन के नेतृत्व में दस्तक संस्था के साथी मानवेंद्र कुमावत ,धर्मवीर सिंह कानावत,कुणाल ओझा , उदयलाल बोराना,नवरत्न जैन,मधुर मानसिहका, शरद शुक्ला ,नरेंद्र गुर्जर ,रोशन सालवी ,रवि ओझा ,सत्यवीर सिंह, मनोज शर्मा, प्रदीप शर्मा, धर्मेंद्र तिवाड़ी, अनिल धाकड़, दीपक जाट, अनिल गुर्जर, रिंकू तंवर,मनीषा ,अंकित शर्मा ,भारत खटिक ,रतन कुमावत ,विनीता चौधरी सहित अनेक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# नगरपालिका कर्मचारियों ने वेतन को लेकर खोला मोर्चा, राज्य संचित निधि से भुगतान की मांग तेज

### 33 सूत्रीय मांगों पर सरकार से वार्ता, पदोन्नति, ऋ्र॥स और पेंशन मामलों के त्वरित समाधान की उठी मांग

स्मार्ट हलचल

**जयपुर /भीलवाडा (जम)** राजस्थान नगर पालिका कर्मचारी फेडरेशन ने नगरीय निकायों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का वेतन राज्य संचित निधि से देने की मांग को प्रमुखता से उठाया है। सोमवार को स्थानीय निकाय विभाग में आयोजित बैठक में फेडरेशन ने अपनी 33 सूत्रीय मांगों पर विभागीय अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। बैठक में फेडरेशन ने राज्य संचित निधि से वेतन भुगतान, RGHS में ओपीडी सीमा 30 हजार से बढ़ाकर 50 हजार रुपए करने, पदोन्नति प्रक्रिया में तेजी, कैडर स्ट्रेंथ मजबूत करने और पेंशन प्रकरणों का जिला स्तर पर निस्तारण करने की मांग रखी। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सिंह चौधरी, संयोजक किशोर कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरनारायण माली सहित भीलवाड़ा के गोविंद सिंह वर्मा व नंदकिशोर पारीक मौजूद रहे। स्थानीय निकाय विभाग की उपनिदेशक गरिमा शर्मा ने फेडरेशन को आश्वस्त किया कि सभी मांगों पर गंभीरता से विचार कर जल्द निर्णय लेने का प्रयास किया जाएगा।



# बूंदी राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय राजस्थान में अग्रणी

### नवाचारों के चलते बूंदी का पंचकर्म विशिष्टता केंद्र राजस्थान में माना जाता है माडल

स्मार्ट हलचल

**बूंदी-** राजकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना और आरजीएचएस योजना के क्रियान्वयन में सत्र 2026-27 में राजस्थान में अग्रणी रहा है। चिकित्सालय ने बीते तीन माह में 47 लाख रुपए से अधिक का नि:शुल्क पंचकर्म उपचार प्रदान किया है। इस केंद्र में जटिल और कष्टसाध्य रोगों से पीड़ित रोगियों को त्वरित और प्रभावी राहत मिल रही है। नवाचारों के चलते पंचकर्म विशिष्टता केंद्र बूंदी को पूरे राजस्थान में मॉडल माना जाता है। इसी के चलते आयुष मंत्रालय राजस्थान सरकार द्वारा पंचकर्म कम विशिष्टता केंद्र बूंदी को 2025 का श्रेष्ठ चिकित्सालय धनवंतरी पुरूस्कार भी प्राप्त हुआ है

# अकस्मात निधन के बाद हुआ अमर नेत्रदान, पत्नी के प्रेरणादायी निर्णय ने दो लोगों के जीवन में जगाई रोशनी

स्मार्ट हलचल

**रणवीर सिंह चौहान भवानी मंडी** भवानीमंडी भवानीमंडी के प्रतिष्ठित नागरिक एवं आईसीआईसीआई बैंक से रिटायर्ड एवं जैन चिंतामणि पार्श्वनाथ संघ के वरिष्ठ कोषाध्यक्ष श्री अशोक कुमार पिछोलिया के आकस्मिक निधन के उपरांत उनके परिवार ने मानवता की अद्भुत मिसाल प्रस्तुत करते हुए भवानी मंडी से 159 वा उनका नेत्रदान कराया। इस अत्यंत दु:खद घड़ी में भी उनकी धर्मपत्नी ने अद्भुत साहस और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए जब उनसे शाइन इंडिया फाउंडेशन के ज्योति मित्र एवं जैन सोशल ग्रुप के नेत्रदान प्रभारी नरेंद्र जैन ने बात की तो तत्काल नेत्रदान के लिए अपनी



सहमति प्रदान की। एवं कहा कि ओर भी कोई अंग अगर किसी के काम आ सकते हो तो वो भी दान करवा दे उनके इस निर्णय से दो नेत्रहीन व्यक्तियों के जीवन में नई रोशनी का संचार होगा। समाज इस प्रेरणादायी निर्णय को सदैव स्मरण रखेगा। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी अशोक कुमार जी के परिवार ने सेवा और मानवता का परिचय देते हुए उनकी माताजी का भी नेत्रदान कराया था। लगातार दूसरी पीढ़ी द्वारा किया गया यह नेत्रदान समाज के लिए अनुकरणीय उदाहरण है। नरेंद्र जैन ने बताया कि जैसे ही उन्हें अशोक लोढ़ा के द्वारा पता चला उन्होंने परिजनों को नेत्रदान के महत्व से अवगत कराया, जिसके बाद परिवार ने तुरंत सहमति प्रदान की और कोटा शाइन इंडिया फाउंडेशन के डॉ कुलवंत गौड को सूचना दी ओर जैसा हमेशा होता हे तुरंत कोटा से टीम ने भवानी मंडी पंहुच कर सफलतापूर्वक नेत्रदान की प्रक्रिया पूर्ण की इस नेत्रदान में अशोक लोढ़ा,राजेश नाहर,विकास जैन, विवेक जैन ,अंकित जैन का विशेष सहयोग रहा ।परिवार के सभी सदस्यों ने नेत्रदान प्रक्रिया को ध्यान से देखा जिसमें कॉर्निया की एक पतली सी झिल्ली ली जाती हे यह जाना । शाइन इंडिया फाउंडेशन एवं जैन सोशल ग्रुप ने दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की तथा कहा कि श्री अशोक कुमार जी का यह अमर नेत्रदान मानव सेवा का ऐसा कार्य है जो आने वाली पीढ़ियों को भी नेत्रदान के लिए प्रेरित करता रहेगा।

'मृत्यु अंत नहीं, यदि नेत्रदान हो जाए तो किसी की अंधेरी दुनिया में नई सुबह का उदय हो जाता है।'

# इंद्रेश मित्तल बने अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन, पूर्वी के बारां जिला युवा अध्यक्ष

स्मार्ट हलचल

**सी पी गोयल बारां।** अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन (पूर्वी राजस्थान) ने समाज हित में सक्रिय योगदान, अनुभव एवं संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए इंद्रेश मित्तल को बारां जिला युवा अध्यक्ष मनोनीत किया है। यह मनोनयन प्रदेश अध्यक्ष अशोक गर्ग की सहमति से प्रदेश युवा अध्यक्ष रोहित गर्ग व प्रदेश युवा मंत्री विष्णु चौधरी,संदीप बजाज ने संगठन के विस्तार एवं युवाओं को संगठित करने के उद्देश्य से अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन राजस्थान पूर्वी के जिला अध्यक्ष सर्राफ अशोक गर्ग की अनुशंसा पर इंद्रेश मित्तल समरानिया तहसील शाहबाद जिला बारां को अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन राजस्थान पूर्वी का बारां युवा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मनोनयन पत्र के अनुसार संगठन ने विश्वास व्यक्त किया है कि इंद्रेश मित्तल अपने नेतृत्व, सक्रियता एवं समर्पण से संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे तथा बारां जिले में अग्रवाल समाज के युवाओं को एकजुट कर सामाजिक गतिविधियों को नई दिशा देंगे। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए सफल कार्यकाल की कामना की।



### लगातार योग करने से बढ़ती है रोग प्रतिरोधक क्षमता: योगाचार्य उमाशंकर

# श्री केशव स्मृति सेवा प्रन्यास के नि :शुल्क योग शिविर में उमड़ रही साधकों की भीड़, सूर्य नमस्कार और प्राणायाम का कराया जा रहा अभ्यास

(स्मार्ट हलचल)

**भीलवाड़ा ।** श्री केशव स्मृति सेवा प्रन्यास की ओर से काशीपुरी स्थित वकील कॉलोनी, महेश समिति भवन (रामधाम के पीछे) में आयोजित नियमित योग शिविर में आमजन को स्वस्थ रहने के गुर सिखाए जा रहे हैं। शिविर के दौरान बिहार योग भारती, मुंगेर से प्रशिक्षित योगाचार्य उमाशंकर भाई ने साधकों को योग के वैज्ञानिक महत्व और स्वास्थ्य लाभों से रूबरू कराया।




**'उत्तम स्वास्थ्य और इम्यूनिटी बढ़ाने का एकमात्र साधन योग'**

योगाचार्य उमाशंकर ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वस्थ रहने का सबसे प्रभावी और सरल माध्यम नियमित योग ही है। प्रतिदिन नियम से योग करने से न केवल शरीर रोगमुक्त रहता है, बल्कि शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) में भी तेजी से इजाफा होता है।

**सूर्य नमस्कार, प्राणायाम और ओमकार महामंत्र का अभ्यास**

शिविर के दौरान साधकों को ऊर्जावान बनाए रखने के लिए सूर्य नमस्कार के विभिन्न आसनों का क्रमवार अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही श्वसन तंत्र को मजबूत बनाने वाले प्राणायामों के साथ 'ओमकार' महामंत्र के ध्यान का अभ्यास कराया गया। योगाचार्य ने बताया कि श्वास की गति के साथ ओमकार के उच्चारण से मानसिक तनाव दूर होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

**प्रतिदिन सुबह 6 से 7 बजे तक नि:शुल्क प्रशिक्षण**

प्रन्यास के पदाधिकारी सुरेश अजमेरा, रमेश मूंदड़ा और अनिल काबरा ने संयुक्त रूप से बताया कि वकील कॉलोनी और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग स्वास्थ्य लाभ लेने पहुँच रहे हैं। यह शिविर प्रतिदिन सुबह 6:00 बजे से 7:00 बजे तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रन्यास ने अधिक से अधिक आमजन से शिविर में शामिल होकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की है।

# महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता-ममता गुप्ता

## महिला सुरक्षा संकल्प अभियान का भव्य समापन समारोह सम्पन्न

स्मार्ट हलचल

**बूंदी-** उप महानिरीक्षक पुलिस (सुरक्षा), राजस्थान, जयपुर ममता गुप्ता ने कहा– 'महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता ' राजस्थान पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में प्रदेशभर में संचालित 'महिला सुरक्षा संकल्प अभियान' के समापन होने के उपरांत आज दिनांक 03 अगस्त 2026 को नगर परिषद टाउन हॉल, कुम्भा स्टेडियम, बून्दी में एक भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती ममता गुप्ता, आईपीएस, उप महानिरीक्षक पुलिस (सुरक्षा), राजस्थान, जयपुर रहीं, जिन्होंने अपने एक दिवसीय बून्दी प्रवास के दौरान कार्यक्रम में भाग लेकर महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के संबंध में महत्वपूर्ण संदेश दिया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों की छात्राओं, सुरक्षा सखियों, सीएलजी सदस्यों, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, महिला संगठनों, तथा बड़ी संख्या में आमजन की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्रीमती ममता गुप्ता के आगमन पर पुलिस अधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन के साथ हुआ। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर बून्दी पुलिस द्वारा पिछले एक माह के दौरान





जिलेभर में महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित विभिन्न गतिविधियों पर आधारित एक विशेष लघु फिल्म (शॉर्ट वीडियो) प्रस्तुत की गई। वीडियो में विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम, एकल बुजुर्ग महिलाओं एवं एकल बुजुर्ग दम्पतियों से उनके घर घर जाकर संवाद करना, साइबर सुरक्षा कार्यशालाएँ, महिला सुरक्षा कानूनों की जानकारी, हेल्पलाइन नंबरों का प्रचार-प्रसार, राजकॉप सिटीजन ऐप के माध्यम से सुरक्षा संबंधी जानकारी, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जनजागरूकता अभियान, बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण, महिला सुरक्षा संवाद, सुरक्षा सखी कार्यक्रम तथा विभिन्न जनसंपर्क गतिविधियों को प्रदर्शित किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने वीडियो की सराहना करते हुए बून्दी पुलिस के प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान कालिका टीम, बून्दी द्वारा आत्मरक्षा प्रशिक्षण का प्रभावशाली लाइव प्रदर्शन किया गया। टीम के सदस्यों ने छात्राओं एवं महिलाओं को विपरीत परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा करने के व्यावहारिक तरीके बताए तथा दैनिक जीवन में अपनाई जाने वाली आत्मरक्षा तकनीकों का प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन को उपस्थित छात्राओं एवं महिलाओं ने अत्यंत उत्साह के साथ देखा तथा आत्मरक्षा प्रशिक्षण को महिलाओं के लिए आवश्यक बताया। मुख्य अतिथि श्रीमती ममता गुप्ता ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि महिलाओं की सुरक्षा केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक महिला एवं बालिका को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना राजस्थान पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने महिलाओं एवं छात्राओं से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की आपराधिक घटना, छेड़छाड़, साइबर अपराध अथवा अन्य किसी भी परेशानी की स्थिति में बिना किसी संकोच के पुलिस की सहायता लें तथा उपलब्ध हेल्पलाइन सेवाओं, एवं तकनीकी माध्यमों का अधिक से अधिक उपयोग करें। उन्होंने कहा कि आज की आवश्यकता केवल महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना ही नहीं, बल्कि उन्हें इतना आत्मविश्वासी एवं जागरूक बनाना भी है कि वे किसी भी चुनौती का साहसपूर्वक सामना कर सकें। उन्होंने छात्राओं से शिक्षा, आत्मरक्षा, डिजिटल सुरक्षा एवं आत्मविश्वास को अपने जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने का आह्वान किया तथा समाज के प्रत्येक नागरिक से महिलाओं के सम्मान एवं सुरक्षा के प्रति संवेदनशील रहने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सुरक्षा सखियों, सीएलजी सदस्यों एवं छात्राओं से संवाद भी किया गया। महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए उन्हें पुलिस द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, राजकॉप सिटीजन का अधिक से अधिक उपयोग, महिला हेल्पलाइन, साइबर सुरक्षा उपायों तथा कानूनों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं एवं महिलाओं ने महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के माध्यम से प्राप्त जानकारी को उपयोगी बताते हुए बून्दी पुलिस के इस जनजागरूकता अभियान की सराहना की। समारोह में अतिरिक्त जिला कलक्टर श्रीमती एच.डी. सिंह, श्रीमती अदिति चौधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (त्वरित अनुसंधान), बून्दी, श्रीमती निर्मला पाण्डेय, उप पुलिस अधीक्षक, बून्दी, सहित जिले के विभिन्न थाना अधिकारी, महिला पुलिस अधिकारी, कालिका टीम के सदस्य, पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षकगण, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, सीएलजी सदस्य, सुरक्षा सखियाँ तथा बड़ी संख्या में छात्राएँ एवं महिलाएँ भी कार्यक्रम में शामिल हुईं। महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के सफल आयोजन के साथ बून्दी पुलिस ने यह संदेश दिया कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता के लिए पुलिस और समाज का संयुक्त प्रयास ही एक सुरक्षित एवं सशक्त समाज की आधारशिला है। कार्यक्रम की समाप्ति पर महिला सुरक्षा एवं जनजागरूकता का संदेश आमजन तक पहुँचाने के उद्देश्य से महिला जागरूकता वाहन रैली का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती ममता गुप्ता, आईपीएस, उप महानिरीक्षक पुलिस (सुरक्षा), राजस्थान, जयपुर ने वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में पुलिस अधिकारियों, महिला पुलिसकर्मियों, कालिका टीम, सुरक्षा सखियों, सीएलजी सदस्यों, छात्राओं एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वाहन रैली नगर परिषद टाउन हॉल, कुम्भा स्टेडियम से प्रारम्भ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली। रैली के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण का संदेश दिया गया तथा आमजन को महिलाओं के प्रति संवेदनशील एवं जिम्मेदार व्यवहार अपनाने, महिला सुरक्षा कानूनों की जानकारी रखने तथा किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में पुलिस हेल्पलाइन एवं अन्य सुरक्षा सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

# 3rd ग्रेड शिक्षकों के तबादले शुरू करने की मांग को लेकर बेगू में प्रदर्शन



## संघर्ष समिति ने एसडीएम कार्यालय का किया घेराव, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**बेगू ।** तृतीय श्रेणी शिक्षक संघर्ष समिति के प्रांतीय आह्वान पर 3ह्म्स्र ग्रेड शिक्षकों के लंबे समय से लंबित स्थानांतरण शुरू करने की मांग को लेकर सोमवार को बेगू में शिक्षकों ने उपखंड अधिकारी (एसडीएम) कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर शीघ्र स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू करने की मांग की। समिति के प्रतिनिधि देवेंद्र शर्मा ने बताया कि तृतीय वेतन श्रृंखला के अध्यापकों के स्थानांतरण लंबे समय से लंबित हैं, जिससे शिक्षकों को विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से अविलंब स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने आगामी 5 अगस्त को जयपुर स्थित शहीद स्मारक पर आयोजित होने वाले धरना-प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आंदोलन को मजबूत बनाने का आह्वान भी किया। इस अवसर पर प्रदीप चौधरी, प्रताप सिंह हाड़ा, डूंगर चौधरी, सी.एस. शर्मा, फूलाराम, राकेश नागर, सुमनप्रकाश, कमल चौधरी, दिलखुश, मुकेश मीणा, श्रीराम मीणा, रामराज गुर्जर, विकास जांगिड़, अशोक मीणा, मनीष मीणा, मीठालाल वर्मा, दिनेश कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# 8 परिवारों का वर्षों पुराना भूमि विवाद सुलझा, पट्टा मिलते ही बोले- 'अब आसानी से मिलेगा होम लोन '

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** ग्राम पंचायत राजियावास में 'सेवा पर्व पखवाड़ा 2026' के अंतर्गत आयोजित एक दिवसीय 'फॉलोअप कैंप - ग्रामीण सेवा शिविर' में जनसमस्याओं के निस्तारण के साथ-साथ वर्षों पुराने भूमि विवादों का सफलतापूर्वक समाधान किया गया। शिविर में 407 ग्रामीणों की उपस्थिति रही, जिनमें से 204 पात्र लाभार्थियों को विभिन्न



सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर प्रभारी तहसीलदार मोहरसिंह एवं सह प्रभारी सहायक विकास अधिकारी उम्मेद ओलानिया के सानिध्य में आयोजित इस शिविर में प्रशासनिक तत्परता देखने को मिली। ग्राम विकास अधिकारी प्रतिभा शर्मा ने बताया कि राजियावास निवासी कैलाश सिंह को आवासीय पट्टा प्रदान किया गया, जिस पर उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पट्टा मिलने से अब बैंक से होम लोन लेने की प्रक्रिया आसान हो जाएगी। वहीं राजस्व विभाग ने शिविर में बड़ी सफलता हासिल करते हुए 24 खसरों की 2.8804 हेक्टेयर भूमि का 8 खातेदारों के बीच आपसी सहमति से बंटवारा करवाया। पटवारी शिवदयालसिंह ने बताया कि इस निस्तारण से सभी परिवारों को उनकी भूमि की डिजिटल पहचान मिल गई है। प्रशासक ब्रजपालसिंह रावत ने बताया कि शिविर में जन आधार, पेंशन, नामांतरण, बिजली, पानी व सड़क से जुड़ी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया, जिससे यह शिविर सरकार और ग्रामीणों के बीच सीधे संवाद का माध्यम बना।

# चंदवाड़-आकोड़िया मार्ग बदहाल, आवागमन में भारी परेशानी

## गहरे गड्ढे, कीचड़ और जलभराव से किसान-छात्र प्रभावित

स्मार्ट हलचल

**अविनाश मीणा घाड़ (देवली), टोंक** ग्राम पंचायत चंदवाड़ से आकोड़िया को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग बदहाल स्थिति में है। सड़क पर गहरे गड्ढे, कीचड़ और जलभराव के कारण आमजन, किसान और स्कूली छात्रों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग से गुजरना जोखिम भरा हो गया है, जिससे आए दिन वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। सड़क के बीचों-बीच पानी और कीचड़ जमा रहने से पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। इन गहरे गड्ढों में अक्सर किसानों के वाहन फंस जाते हैं। हाल ही में धान से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली फंस गई थी, जिसे जेसीबी मशीन की मदद से निकालना पड़ा। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चंदवाड़ का मुख्य मार्ग भी यही है। छोटे बच्चों और विद्यार्थियों को प्रतिदिन इसी कीचड़ भरे रास्ते से होकर स्कूल आना-जाना पड़ता है, जिससे उनकी जान को खतरा बना रहता है और किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। किसानों को अपनी फसल और कृषि कार्यों के लिए भी इसी मार्ग का उपयोग करना पड़ता है। हालांकि, गड्ढों और कीचड़ के कारण उनके ट्रैक्टर



और अन्य कृषि वाहन अक्सर फंस जाते हैं, जिससे उनकी आवाजाही बुरी तरह प्रभावित होती है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि इस गंभीर समस्या के बारे में पंचायत प्रशासन को कई बार अवगत कराया जा चुका है। इसके बावजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने कोई ध्यान नहीं दिया है। ग्रामीणों में प्रशासन की इस उदासीनता के प्रति गहरा आक्रोश है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई, तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। कर्मजीत मीणा, दुर्गा शंकर योगी, हरिराम मीणा, सियाराम जाट (आकोड़िया), हरिराम मीणा (चंदवाड़) सहित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चंदवाड़ के समस्त स्टाफ और स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से इस मुख्य मार्ग को जल्द से जल्द दुरुस्त करने की पुरजोर मांग की है।

# कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ ब्यावर का संगठनात्मक एवं सम्मान समारोह संपन्न

## नई नियुक्तियों के साथ संगठन विस्तार पर जोर

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ, जिला ब्यावर द्वारा एक भव्य संगठनात्मक एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगठन की मजबूती, चिकित्सा प्रकोष्ठ की गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक राहत पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र काठात ने कहा कि चिकित्सा प्रकोष्ठ मात्र एक संगठनात्मक इकाई नहीं, बल्कि समाज के जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य संबंधी सहायता और जागरूकता पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने नवमनोनीत पदाधिकारियों से सेवा, समर्पण और अनुशासन के साथ कार्य करने का आह्वान किया।




**वरिष्ठ नेताओं व अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति**

समारोह में चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विकास महला, संगठन महामंत्री डॉ. कृष्ण कुमार शर्मा, ब्यावर जिला प्रभारी डॉ. गणेश गुर्जर एवं फरीद खान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथियों में कांग्रेस जिला अध्यक्ष किशोर चौधरी, पूर्व गृह राज्यमंत्री डॉ. लक्ष्मण सिंह रावत, पीसीसी सचिव कल्पना भटनागर, ब्लॉक अध्यक्ष अजय शर्मा, कर्नल सलीम मोहम्मद, खनन प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष आशीष पदावत, नगर अध्यक्ष भारत बाघमार, इंटक प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट रामेश्वर मेवाड़ा, मसूदा ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राठौड़, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष इशिका जैन, एनएसयूआई अध्यक्ष शैलेंद्र सांखला, पंचायती राज संगठन जिला अध्यक्ष राम यादव, एससी जिला अध्यक्ष विरदी चंद खोरवाल तथा अल्पसंख्यक विभाग जिला अध्यक्ष अजमत काठात उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर बल दिया।

**नई नियुक्तियों से मिला संगठन को बल**

कार्यक्रम के दौरान डॉ. नरेंद्र काठात ने नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को नियुक्ति-पत्र सौंपे। इसमें सद्दाम हुसैन एवं बालू राम सेन को कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ ब्यावर का जिला उपाध्यक्ष तथा फैसल खान को ब्यावर ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। अतिथियों ने नए पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं।

**स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता अभियानों पर रहेगा फोकस**

समारोह में अतिथियों को सम्मान-पत्र एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने घोषणा की कि आगामी दिनों में प्रकोष्ठ द्वारा लगातार निशुल्क चिकित्सा शिविर, स्वास्थ्य जागरूकता अभियान और सामाजिक सरोकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का माहौल अत्यंत उत्साहपूर्ण रहा। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से कांग्रेस की नीतियों और जनसेवा के संकल्प को घर-घर तक पहुंचाने की शपथ ली। मंच का कुशल संचालन प्रदेश संयोजक अल्पसंख्यक विभाग एवं जिला प्रवक्ता सेवादल ऋषि लाम्बा ने किया।

# श्रावण के प्रथम सोमवार पर बजरंग दल ब्यावर द्वारा गणेशपुरा में पौधारोपण; 'एक वृक्ष - एक जीवन' का लिया संकल्प

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** पवित्र श्रावण मास के प्रथम सोमवार के पावन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद - बजरंग दल, ब्यावर के तत्वावधान में गणेशपुरा स्थित खाकल देव जी तेजाजी महाराज मंदिर परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बजरंग दल जिला संयोजक नारायण सिंह गणेशपुरा ने कहा कि श्रावण मास में वृक्षारोपण प्रकृति, धर्म और मानवता की सेवा का सबसे श्रेष्ठ माध्यम है। इस



अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने 'एक वृक्ष - एक जीवन' का संकल्प लेते हुए पर्यावरण संरक्षण, हरियाली संवर्धन और प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया। इस दौरान पूनम सिंह जी भोपाजी, कैप्टन पूनम सिंह, मंगल सिंह, विक्रम सिंह, भवानी सिंह, चंदन सिंह, जसवंत सिंह, सोनू सिंह, प्रदीप सिंह, कुशाल सिंह, विवेक पलासिया, कल्याण सिंह, नरेंद्र सिंह एवं मोहित सहित गणेशपुरा के अनेक बजरंग दल कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दतिया उपचुनाव में कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत पर भवानीमंडी में कांग्रेसजनों ने मनाया विजय उत्सव

स्मार्ट हलचल

**रणवीर सिंह चौहान भवानी मंडी** मध्य प्रदेश के दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी श्री घनश्याम सिंहकी ऐतिहासिक विजय पर भवानीमंडी में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं नगर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में भव्य विजय उत्सव का आयोजन किया गया।ब्लॉक कांग्रेस प्रवक्ता अख्तर अली ने बताया कि इस अवसर पर कांग्रेस



पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर, ढोल-नगाड़ों की धुन पर नृत्य कर तथा आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया। उपस्थित कांग्रेसजनों ने इस जीत को जनता के विश्वास, कांग्रेस की जनहितकारी नीतियों, संगठन की मजबूती तथा कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम बताया। साथ ही विश्वास व्यक्त किया कि यह विजय आने वाले चुनावों में कांग्रेस के लिए नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करेगी। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रोड़ सिंह परमार, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विनय आस्तोलिया, विधायक प्रत्याशी चेतराज गहलोत, पीसीसी सदस्य राजेश जैन, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष कालूलाल सालेचा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश बोहरा, पूर्व पार्षद आखमि खान, सलीम खान, लोकेश गुप्ता, हफीज खान, अख्तर अली, करुणा देवी, अरुण तंवर, हसीब चौधरी, आनंद काला, फरीदुद्दीन, सुमित छाबड़ा सहित ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसजन, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल तथा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# निवाई थाने की टोंक एसपी रोशन मीणा के निर्देशन में बड़ी कार्रवाई

## अंतर्राज्यीय साइबर ठगी की 2 गैंग के 6 आरोपी गिरफ्तार, 10 मोबाइल-2 ATM-10180 रु. नकद बरामद

स्मार्ट हलचल

**निवाई-टोंक/भरत देवड़वाल।** साइबर अपराध के खिलाफ टोंक पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव और वृताधिकारी रवि प्रकाश शर्मा के सुपरविजन में थाना प्रभारी भारती के नेतृत्व में निवाई पुलिस ने 2 अलग-अलग अंतर्राज्यीय साइबर फ्रॉड करने वाले गिरोह के 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी वारदात का पर्दाफाश किया।



**पहला गिरोह:**

आरोपी विकास मीणा और नमनारायण मीणा फर्जी मोबाइल नंबरों से सोशल मीडिया पर फर्जी ID बनाकर आकर्षक गिफ्ट और कपड़े ऑनलाइन कम राशि में भेजने व कैश बैक जैसे ऑफर का विज्ञापन करते थे। एड देखने वालों से चैटिंग कर आइटम की फोटो भेजकर डिलीवरी का झांसा देकर एडवांस में पैसा म्यूल बैंक खातों में डलवाकर साइबर फ्रॉड करते थे। इनके खिलाफ NCRP पोर्टल पर 10 शिकायतें दर्ज हैं। इनके कब्जे से 4 मोबाइल फोन और 2 ATM कार्ड व 10180 रुपये नकद जब्त किए गए। प्रकरण संख्या 310/2026 BNS की धारा 318(4), 319(2), 61(2)(क), 112(2) व IT एक्ट 2000 की धारा 66सी, 66डी में दर्ज है।

**दूसरा गिरोह:**

आरोपी प्रधान मीणा, रमेश मीणा, राकेश कुमार जाट और विकास उर्फ बाबू मीणा फर्जी टेलीग्राम चैनल बनाकर ट्रेड ऐप पर डबलिंग का झांसा देकर न्यू जॉइनिंग के नाम पर लोगों को मोटा प्रॉफिट दिलवाने का लालच देकर ठगी करते थे। ठगी की राशि अलग-अलग फर्जी खातों में ट्रांसफर करवाते थे। इनके खिलाफ NCRP पोर्टल पर 19 शिकायतें दर्ज हैं। इनके कब्जे से 6 मोबाइल फोन जब्त हुए। प्रकरण संख्या 311/2026 BNS की धारा 318(4), 319(2), 61(2)(क), 112(2) व ढ्ढञ्ज एक्ट 2000 की धारा 66सी, 66डी में दर्ज है।

**जप्त सामान:**

कुछ एपल आईफोन सहित 10 मोबाइल फोन, 02 ्रञ्जरूकार्ड, 10180 रुपये नकद

**गिरफ्तार आरोपी:**

1. विकास उर्फ बाबू मीणा पुत्र शंकर लाल, जाति मीणा, उम्र 25, निवासी ढाणी जुगलपुरा, थाना निवाई, जिला टोंक
2. प्रधान मीणा पुत्र कैलाश, जाति मीणा, उम्र 22, निवासी बाढ़ गौर खुर्द दतवास, थाना दतवास, जिला टोंक
3. विकास मीणा पुत्र कन्हैया लाल, जाति मीणा, उम्र 20, निवासी वार्ड 07 ढोल की ढाणी, थाना चौथ का बरवाड़ा, जिला सवाईमाधोपुर
4. नमनारायण मीणा पुत्र बतीलाल, जाति मीणा, उम्र 20, निवासी रामनगर, थाना दतवास, जिला टोंक
5. राकेश कुमार जाट पुत्र प्रकाश चंद, जाति जाट, उम्र 23, निवासी छीतर बाबा की ढाणी कोटड़ा, थाना मित्रपुरा, जिला सवाईमाधोपुर
6. रमेश मीणा पुत्र रामकिशोर, जाति मीणा, उम्र 22, निवासी ढोल की ढाणी, थाना चौथ का बरवाड़ा, जिला सवाईमाधोपुर

**कार्रवाई टीम:**

जीतपाल, कमलेश, मुकेश चंद हेड कांस्टेबल, मनप्रीत सिंह, सत्यनारायण, राजेश, मीठा लाल कांस्टेबल।

पुलिस अधीक्षक रोशन मीना ने बताया कि आरोपियों ने देश के विभिन्न राज्यों में लोगों के साथ साइबर फ्रॉड की कई वारदातें की हैं। प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

# श्रावण मास के प्रथम सोमवार को तिलस्वां महादेव में उमड़ा भक्तों का सैलाब...

स्मार्ट हलचल



**बिजौलियाँ(दीपक राठौर)** श्रावण मास के प्रथम सोमवार को आज ऊपर माल के प्रमुख धार्मिक स्थल श्री तिलस्वा महादेव में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा इस दौरान रावतभाटा से करीब 101कावडीए पहुँचे जो पवित्र कुंड से कावड़ भरकर डीजे के साथ भगवान की झांकी के साथ सुबह 5 बजे रावतभाटा के लिए निकलें कावड़ियों को जगह जगह पुष्पवर्षा अभिवादन किया।

**कावड़ यात्रा रावतभाटा पहुंच कर भव्य स्वागत करेंगे।**

साथ आज बिसलपुर महादेव से कावड़ भरकर कावड़ियों ने तिलस्वां महादेव पहुंच कर बिसलपुर बांध के जल से जलाभिषेक किया। दिनभर शिवभक्त का सैलाब से शिवमय हुआ वातावरण।

**कास्या चौकी प्रभारी नरेश सुखवाल सहित टीम ने सुलभ दर्शन करवाएं.**

शिवधाम श्री तिलस्वां महादेव मंदिर में श्रावण मास के दौरान श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अनुपम संगम देखने को मिलेगा। पूरे श्रावण मास में भगवान भोलेनाथ के दर्शन, जलाभिषेक एवं विशेष पूजा-अर्चना के लिए राजस्थान सहित मध्यप्रदेश, गुजरात एवं अन्य राज्यों से हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना एवं है। मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से गूंजायमान रहेगा। श्रावण मास में प्रतिदिन प्रातःकाल से ही भगवान शिव के जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जप एवं विशेष पूजन-अर्चन का क्रम चलेगा। श्रद्धालु परिवार की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य, अच्छी वर्षा, खुशहाली एवं मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए भोलेनाथ की आराधना करेंगे।

**चर्म रोग से राहत की आस्था का केंद्र**

श्री तिलस्वां महादेव मंदिर के सामने स्थित पवित्र कुंड एवं वहां की पवित्र मिट्टी के प्रति श्रद्धालुओं में वर्षों पुरानी धार्मिक आस्था है। स्थानीय मान्यता के अनुसार श्रद्धापूर्वक पवित्र कुंड में स्नान करने तथा वहां की मिट्टी का लेप करने से चर्म रोग एवं शरीर के कुछ कष्टों से राहत मिलने की मान्यता है। इसी विश्वास के कारण प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचकर भगवान शिव के दर्शन कर पूजा-अर्चना करते हैं। यह धार्मिक एवं लोकमान्यता पर आधारित आस्था है।

**प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक वातावरण**

अरावली अंचल की प्राकृतिक छटा के बीच स्थित यह प्राचीन शिवधाम श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति का अनुभव कराता है। मंदिर का शांत वातावरण, हरियाली और धार्मिक माहौल श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आकर्षित करता है। श्रावण मास में पूरा परिसर शिवभक्ति के रंग में रंग जाता है। श्रावण मास में श्री तिलस्वां महादेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेश चंद अहीर एवं सचिव मांगीलाल धाकड़, पुजारी व ट्रस्टी घनश्याम पाराशर, गिरधर पाराशर के नेतृत्व में भगवान भोलेनाथ का विशेष अभिषेक एवं पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान देश में सुख-शांति, अमन-चैन, अच्छी वर्षा, किसानों की लहलहाती फसलें, भूमि में खनिज संपदा की समृद्धि, क्षेत्रवासियों के जीवन में खुशहाली तथा आपसी भाईचारे की भावना बनी रहे. इसके लिए विशेष प्रार्थना की गई। साथ ही प्राकृतिक आपदाओं से देश की रक्षा एवं इंददेव को प्रसन्न करने के उद्देश्य से वैदिक जयी मंत्रोच्चार के साथ विशेष धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया जा रहे है ।

**एक माह तक चलेंगे धार्मिक आयोजन**

मंदिर ट्रस्ट द्वारा श्रावण मास में विशेष धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। 30 जुलाई को प्रातः गणपति स्थापना के साथ मंडल पूजा एवं अभिषेक का शुभारंभ होगा। यह अनुष्ठान 26 अगस्त तक निरंतर जारी रहेगा।

12 अगस्त बुधवार को तीन दिवसीय अमवास्या का मैला भरेगा। 17 अगस्त को नागपंचमी के अवसर पर विशेष कालसर्प दोष शांति पूजा का आयोजन किया जाएगा। 26 अगस्त को मंडल हवन, महारुद्र हवन, महामृत्युंजय हवन एवं पूर्णाहुति का आयोजन होगा। 27 अगस्त को शास्त्रधारा अभिषेक एवं दुग्धाभिषेक किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट द्वारा आमंत्रित 11 विद्वान पडित प्रातः 6 बजे से सायं 5 बजे तक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक एवं जप-अनुष्ठान संपन्ना कराएंगे। सायंकाल पुष्पांजलि एवं देव विसर्जन का कार्य म आयोजित होगा। 28 अगस्त को हेमाद्रि ऋषि पूजन, यज्ञोपवीत पूजन एवं पूर्णावती सहित धार्मिक अनुष्ठानों का समापन होगा। श्रावण मास के दौरान भगवान शिव का विशेष श्रृंगार, महाआरती, भजन-कीर्तन एवं विभिन्ना धार्मिक कार्य म भी आयोजित किए जाएंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, वर्शन व्यवस्था, सफाई, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं मंदिर ट्रस्ट द्वारा की गई हैं। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने बताया कि श्री तिलस्वां महादेव मंदिर में वर्षों से उपरमाल क्षेत्र की धार्मिक परंपराओं के अनुरूप वैदिक विधि-विधान से आयोजन होते आ रहे हैं। शश्रद्धालुओं का कहना है कि श्री तिलस्वां महादेव केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि अटूट आस्था, विश्वास और आध्यात्मिक ऊर्जा का दिव्य केंद्र है। श्रावण मास में यहां आने वाला प्रत्येक भक्त भगवान भोलेनाथ की कृपा का अनुभव कर स्वयं को धन्य महसूस करता है।

# बरसात में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त, एडीएम ने अफसरों को किया अलर्ट

## पानी-बिजली, सफाई और मौसमी बीमारियों पर सख्त निगरानी के निर्देश; शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर जोर

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी)** जिले में बरसात के दौरान आमजन को पेयजल, बिजली, स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से राहत दिलाने के उद्देश्य से सोमवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) प्रतिभा देवटिया ने पीएचईडी कार्यालय में समीक्षा बैठक लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पानी, बिजली और सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में पीएचईडी अधिकारियों को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने, खराब हैंडपंपों और ट्यूबवेलों की मरम्मत में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। वहीं एवीवीएनएल अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर लंबित शिकायतों का त्वरित निस्तारण कर निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के लिए कहा गया। एडीएम ने नगर निगम अधिकारियों को शहर में गुणवत्तापूर्ण साफ-सफाई सुनिश्चित करने, बारिश से प्रभावित क्षेत्रों में जलभराव की समस्या का तत्काल समाधान करने तथा नालों एवं ड्रेनेज सिस्टम की समय पर सफाई कर पानी की निकासी सुचारू रखने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा से मौसमी बीमारियों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मलेरिया, डेंगू सहित अन्य जलजनित रोगों की रोकथाम के लिए प्रभावी अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। एडीएम ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और आमजन को राहत पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। बैठक में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता धनपत राज सोनी, परियोजना अधीक्षण अभियंता विनोद कुमार गर्ग, एवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता ओ.पी. खटोड़, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# मुस्लिम समुदाय पर अभद्र टिप्पड़ी को लेकर यूट्यूबर रिचा तिवारी पर कार्यवाही के लिए एसपी को दिया गया ज्ञापन

स्मार्ट हलचल



**इटावा।** महेवा की यूट्यूबर रिचा तिवारी द्वारा मुस्लिम समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक वीडियो बनाकर अपने फेसबुक व इंस्टाग्राम पर बायरल करने का मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर सोमवार को विभिन्न मुस्लिम संगठनों के प्रतिनिधि व आजाद समाज पार्टी के नेताओं ने एसपी ग्रामीण को ज्ञापन सौंपकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की। आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम), ऑल इंडिया उलेमा व मशाईख बोर्ड यूनिट इटावा तथा इंसानी भाईचारा समिति के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से प्रशासन को दिए गए ज्ञापन में आरोप लगाया कि महेवा निवासी यूट्यूबर रिचा तिवारी द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर साझा किए गए एक वीडियो में मुस्लिम समुदाय के संबंध में आपत्तिजनक एवं अभद्र टिप्पणियां की गई हैं, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं और सामाजिक सौहार्द प्रभावित होने की आशंका है। ज्ञापन के दौरान आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) के कानपुर मंडल प्रभारी अभिषेक आज़ाद ने कहा कि किसी भी धर्म या समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली सामग्री स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। पूर्व भीम आर्मी कानपुर मंडल प्रभारी एवं इंसानी भाईचारा समिति के अध्यक्ष मोहम्मद आमीन भाई ने कहा कि भारत की गंगा-जमुनी तहज़ीब और आपसी भाईचारे को कमजोर करने वाले किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर कानून के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर समाज में वैमनस्य फैलाने का प्रयास न करे। कानपुर मंडल प्रभारी लकी जाटव ने कहा कि सोशल मीडिया अभिव्यक्ति का माध्यम है, लेकिन इसका उपयोग किसी धर्म या समुदाय के प्रति घृणा फैलाने के लिए नहीं होना चाहिए। उन्होंने दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि संबंधित वीडियो को इंस्टाग्राम, फेसबुक सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी साझा किया गया, जिसके बाद वह तेजी से वायरल हुआ। संगठनों का आरोप है कि वीडियो में की गई कथित टिप्पणियों से धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं और सामाजिक सौहार्द प्रभावित होने की आशंका उत्पन्न हुई है। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि वायरल वीडियो के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में ऑल इंडिया उलेमा व मशाईख बोर्ड यूनिट इटावा के जिला अध्यक्ष हाजी शेख शकील अहमद, कानपुर मंडल प्रभारी अभिषेक आज़ाद, लकी जाटव, पूर्व भीम आर्मी कानपुर मंडल प्रभारी एवं इंसानी भाईचारा समिति के अध्यक्ष मोहम्मद आमीन भाई, ऑल इंडिया उलेमा व मशाईख बोर्ड यूनिट इटावा के प्रभारी मोहम्मद अज़ीम मोअज़्ज़म, मुराद अली, आशिफ वारिसी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सुधीर आज़ाद, गौतम सिंह, मोहित कुमार, संजय खान, शिवम पत्रकार, अभिषेक कुमार सहित बड़ी संख्या में दलित एवं मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे।

# विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंगदल भवानी मण्डी जिला बैठक संपन्न



स्मार्ट हलचल

**रणवीर सिंह चौहान भवानी मंडी** रविवार को भवानी मण्डी विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंगदल की बैठक नगर के नन्दुबाई शंकर लाल आदर्श विद्या मन्दिर में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई परिषद के जिला मंत्री नंदकिशोर खेर ने बताया कि प्रान्त संघठन मन्त्री नितिन , प्रान्त सह प्रचार प्रसार प्रमुख मोहन मालव , विभाग मन्त्री बालू सिंह चौहान , विभाग मातृ शक्ति सयोंजिका कामाक्षी गुप्ता , जिला अध्यक्ष दिलिप प्रधान जिला उपाध्यक्ष भाव सिंह सिसोदिया ,डॉ,अशोक वशिष्ठ , जिला उपाध्यक्षा मंगला गुप्ता , जिला मन्त्री नन्दकिशोर खेर, जिला सह मन्त्री हेमन्त राठौर, राहुल राठौर , जिला कोषाध्यक्ष कल्याणमल मेघवाल जिला सयोंजक ईश्वर सिंह आदि बैठक में उपस्थित रहे।

**इस बैठक मे नवीन दायित्त्व की घोषणा हुई :-**

जिला विशेष सम्पर्क प्रमुख नरपत सिंह नरुका, जिला सेवा प्रमुख अरविंद लाडौती , जिला सत्संग प्रमुख लक्ष्मण सिंह पंवार,जिला सामाजिक समरस्ता प्रमुख विष्णु शर्मा ,जिला पत्रकार सम्पर्क प्रमुख नेपाल सिंह जिला धर्माचार्य लाल चन्द अग्रवाल , जिला गोरक्षा एवं संवर्धन प्रमुख बन्टी हाड़ा , जिला सह गोरक्षा प्रमुख करण सिंह घाटी , जिला गो सेवा प्रमुख वीरेन्द्र सिंह सोनगरा , जिला सह मातृशक्ति सयोंजिका पिंकि राठौर ,जिला सह सयोंजक बजरंगदल आशीष परमार , जिला सह प्रचार प्रसार प्रमुख मेहरबान सिंह चौमेहलाआदि की घोषणा की गई।

**बैठक में आगामी कार्यक्रम :-** अखण्ड भारत संकल्प दिवस , स्थापना दिवस , सन्त सृद्धानंद बलिदान दिवस,हितचिंतक अभियान आदि कार्यक्रम पर विसतार से चर्चाएं हुई भवानी मण्डी में कुल 6 प्रखण्ड है और 6 ही प्रखण्डो की उपस्थिति रही। संगठन मंत्री नितिन जी बाई साहब ने सभी जिला और प्रखंड के दायित्ववान कार्यकर्ताओं से 15 दिनों के लिये विस्तारक योजनाओं के निमित विस्तारक निकलने का आव्हान किया और इस पर योजनाएं बनाई।

# अपना घर वृद्धा आश्रम में निशुल्क नेत्र शिविर 20 से

स्मार्ट हलचल




**भीलवाड़ा** श्री गणेश उत्सव प्रबंध एवं सेवा समिति के तत्वाधान में 20 जुलाई सोमवार को निशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन आरसी व्यास कॉलोनी स्थित अपना घर वृद्धाश्रम में प्रातः 10 बजे आयोजित होगा समिति मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने जानकारी देते हुए बताया कि डॉ कृष्णा हेड़ा नेत्र विशेषज्ञ डीएनबी द्वारा नेत्र रोगियों को परामर्श दिया जाएगा शिविर में आवास ,भोजन, दवाइयां चश्मा ,निशुल्क दिए जाएंगे शिविर चार दिवसीय 20 से 23 जुलाई तक आयोजित होगा

# ग्राम लोडियाना के मनोज कुमावत का चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पद पर चयन



स्मार्ट हलचल

**लोडियाना।** ग्राम लोडियाना निवासी मनोज कुमावत, पिता श्री भेरू लाल कुमावत का चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (सहायक कर्मचारी) पद पर चयन होने पर परिवार सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। चयन के बाद मनोज कुमावत की प्रथम नियुक्ति राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जोजवा में हुई है। मनोज कुमावत की इस उपलब्धि पर परिवारजनों, रिश्तेदारों, मित्रों एवं ग्रामवासियों और राजेश रायका ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। ग्रामीणों ने कहा कि मेहनत और लगन से हासिल की गई यह सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। सभी ने उनके सफल सेवाकाल और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### 20 विधायकों को दिलाई मंत्री पद की शपथ

# कर्नाटक मुख्यमंत्री की मौजूदगी में राज्यपाल ने 20 विधायकों को दिलाई मंत्री पद की शपथ



बेंगलुरु(एजेंसी)। कर्नाटक कैबिनेट का विस्तार हो रहा है। मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के नेतृत्व वाली सरकार में 20 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। इस दौरान कांग्रेस नेता एचसी बालकृष्ण, केएस बसवंथप्पा और डॉ. अजय सिंह ने मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री पद की शपथ ली। कांग्रेस नेता एन. चालुवरायस्वामी, बसवराज रायरेड्डी, लक्ष्मण सावदी, मधु बंगारप्पा ने मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने सभी मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलवाई। जिन विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलवाई गई उनमें पीएम नरेंद्रस्वामी (मलवल्ली), शिवराज तंगदगी (कनकागिरी), रुद्रप्पा लमानी (हावेरी), केएस बसवंथप्पा (मायाकोंडा), बी. नागेंद्र (बल्लारी ग्रामीण), टी. रघूमूर्ति (चालाकेरे), बीजेड जमीर अहमद खान (चामराजपेट), रिजवान अरशद (शिवाजीनगर), संतोष लाड (कलघटगी), मधु बंगारप्पा (सोराब), पुत्तरंगाशेट्टी (चामराजनगर), एसएस मलिकार्जुन, डॉ. अजय सिंह (जेवर्गी), एन. चालुवरयास्वामी (नागमंगल), केएम शिवलिंगे गौड़ा (अरासिकेरे), एचसी बालकृष्ण (मागाड़ी), गायत्री शांतेगौड़ा (एमएलसी), बसवारज रायारेड्डी (एलाबुर्गा), विजयानंद काशप्पनवर (बागलकोट) और लक्ष्मण सावदी शामिल हैं। इससे पहले कर्नाटक मंत्रिमंडल विस्तार सूची में कांग्रेस नेतृत्व द्वारा अंतिम समय में किए गए बदलावों से सोमवार को पार्टी के भीतर कुछ असंतोष पैदा हो गया। कई निराश विधायकों ने विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा देने की धमकी दी, समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन किया और एक पार्टी कार्यकर्ता ने विरोध में जहर खा लिया।

### 'अंगदान दिवस' पर राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा 'अंगदान' जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ

# अंगदान और जन स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का प्रसार हो:राज्यपाल

## अंगदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करें




जयपुर(नि.सं.)। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा कि 'अंगदान' मानवता के लिए अपने आपको समर्पण करने से जुड़ा महादान है। उन्होंने कहा कि अंगदान की सबसे बड़ी बाधा मनुष्य के भीतर का डर है। इसे भगाने और इस सम्बन्ध में लोगों को प्रेरित किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने समाज में अंगदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने का आह्वान किया है। राज्यपाल श्री बागडे सोमवार को राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में 'अंगदान' जागरूकता कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे देश में किडनी का सफल प्रत्यारोपण एक दिसम्बर 1971 को तमिलनाडु में हुआ। उन्होंने इतने वर्ष पहले अंग प्रत्यारोपण होने के बावजूद अंगदान के प्रति जागरूकता नहीं होने पर चिंता जताई और कहा कि अंगदान दिवस मनाने की बजाय इसे एक आंदोलन मानकर क्रियान्वित किया जाए।

राज्यपाल ने अंगदान के साथ स्वास्थ्य जागरूकता के लिए भी अभियान चलाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हम घर में एक दिन पहले बनी रोटी नहीं खाते परन्तु बाजार से पुरानी बनी ब्रेड खरीदकर खा लेते हैं। उन्होंने खान पान की आदतों में सुधार किए जाने और व्यसन मुक्त समाज के निर्माण पर जोर दिया। राज्यपाल ने आरम्भ में उन सभी महान आत्माओं को भी श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने अपना अंग दान कर दूसरों को नया जीवन दिया है। उन्होंने सभी को अंगदान की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि हमारे देश में हर वर्ष लाखों लोग विभिन्न अंगों की आवश्यकता के कारण अपनी जान गंवा देते हैं। किडनी, लिवर,



हृदय और फेफड़ों की मांग आज भी सर्वाधिक है। पर उपलब्धता बहुत कम है। इस दृष्टि से अंगदान का यह महत्व समझाया जाना जरूरी है कि इससे हम किसी अन्य व्यक्ति की जिंदगी में नई उम्मीदों का सवेरा ला सकते है। राज्यपाल ने कहा कि भारत में प्रतिवर्ष लगभग 5 लाख लोग अंग प्रत्यारोपण नहीं होने से अपनी जांन गंवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे यहां अंग प्रत्यारोपण करने की सुविधाएं अच्छी है लेकिन यहाँ पर अंगदान करने वालों की संख्या अभी भी बहुत ही कम है।

उन्होंने अंगदान की प्रेरणा के साथ–साथ अंगदान से जुड़ी सेवाओं का भी प्रदेश में विस्तार करने और सभी अस्पतालों में अंग प्रत्यारोपण संबंधी उपकरणों की व्यवस्था प्रभावी रूप में किए जाने पर जोर दिया। इससे पहले राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, जयपुर के कुलगुरु प्रो. प्रमोद येवले और राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मोहनीश ग्रोवर ने अंगदान के महत्व और आयोजन से जुड़े सरोकारों के बारे में जानकारी दी। राज्यपाल ने अंगदान जागरूकता के लिए महत्वपूर्ण प्रयास करने वाले चिकित्सकों और 'अंगदान' जागरूकता प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

### दिया तले अंधेरा: नगर पालिका के पीछे स्थित केशव नगर आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित

# 2010 में विकसित कॉलोनी की सड़कें बदहाल, वाहन तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा।** नगर पालिका द्वारा विकसित की गई केशव नगर कॉलोनी, जो नगर पालिका कार्यालय के ठीक पीछे स्थित है, आज भी मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रही है। वर्ष 2010 में विकसित इस कॉलोनी की सड़कें आज ऐसी स्थिति में हैं कि वहां वाहन चलाना तो दूर, पैदल निकलना भी बेहद कठिन हो गया है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि वे कई बार नगर पालिका प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों को लिखित शिकायतें दे चुके हैं, लेकिन आज तक समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। बरसात के दिनों में सड़कों पर कीचड़ और गड्ढों के कारण लोगों का आवागमन और अधिक मुश्किल हो जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका कार्यालय के पीछे स्थित होने के बावजूद इस कॉलोनी की लगातार अनदेखी की जा रही है। यह स्थिति उस कहावत को चरितार्थ करती है– 'दिया तले अंधेरा।' क्षेत्रवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से शीघ्र सड़क निर्माण एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि उन्हें भी सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन की बुनियादी सुविधाएं मिल सकें। अब बड़ा सवाल यह है कि जब नगर पालिका के पीछे स्थित कॉलोनी की यह हालत है, तो दूरदराज के क्षेत्रों की स्थिति कैसी होगी? आखिर आमजन की सुनवाई कब होगी और जिम्मेदार अधिकारी कब जागेंगे?

मुख्यमंत्री का राजसमंद दौरा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजसमंद को दी विकास कार्यों की सौगात

# किसान,महिला, मजदूर और युवा कल्याण के लिए काम रही राज्य सरकारःमुख्यमंत्री

राजसमंद/जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन सरकार विकसित भारत और विकसित राजस्थान-2047 के संकल्प को साकार कर रही है। किसान, महिला, मजदूर एवं युवा कल्याण के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने राजसमंद के भिक्षु निलयम में आयोजित समारोह में 491 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के 347 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया, जिनमें 369 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के 266 कार्यों का लोकार्पण तथा 122 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के 81 कार्यों का शिलान्यास शामिल है। उन्होंने कहा कि विकास परियोजनाओं से श्रीनाथजी की आस्था एवं महाराणा प्रताप की शौर्य धरा पर विकास गाथा में एक नया अध्याय जुड़ा है।



**किसानों-पशुपालकों का हो रहा आर्थिक सशक्तीकरण**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अन्नदाता के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए किसान सम्मान निधि को 6 हजार रुपये से बढ़ाकर 9 हजार रुपये किया। वहीं, किसानों को बिजली बिलों में लगभग 61 हजार करोड़ रुपये से अधिक का अनुदान दिया है। प्रधानमंत्री कुसुम योजना से अन्नदाता आज ऊर्जादाता के रूप में अपनी पहचान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पशुपालकों



को गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना के अन्तर्गत 1 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण एवं दूध पर 5 रुपये प्रति लीटर अनुदान दे रही है। मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के माध्यम से 23 लाख से अधिक बीमा पॉलिसी की गई हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने किसानों से प्राकृतिक एवं उन्नत खेती अपनाने का आह्वान किया।

**रोजगार से लेकर स्वरोजगार तक राह की प्रशस्त**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं के बेहतर भविष्य को सुनिश्चित करते हुए शिक्षा से लेकर रोजगार तक राह प्रशस्त की है।

पेपरलीक और अन्य अनियमितताओं के मामलों में 569 लोगों को गिरफ्तार कर दोषियों पर कार्रवाई की गई है। ढाई वर्षों में 410 परीक्षाएं बिना किसी पेपर लीक के आयोजित हुई हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं के सरकारी नौकरी के सपने को साकार करते हुए 1 लाख 78 हजार से अधिक नियुक्तियां दी गई हैं। जबकि 1 लाख 32 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। साथ ही, 70 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की तैयारी की जा रही है।



*मुख्य सचिव ने जनगणना कार्य निदेशालय का दौरा कर जनगणना कार्य की समीक्षा की*

## हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग सेंसस कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर अधिकारियों की सराहना की

जयपुर(नि.सं.)। मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने जनगणना कार्य निदेशालय का दौरा कर निदेशालय की विभिन्न कोर गतिविधियों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण की सफलतापूर्वक पूर्णता तथा भविष्य की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि निदेशालय के उच्च सांख्यिकीय मानक अनुसरणीय हैं। उन्होंने जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण और मकानों की गणना (हाउस




लिस्टिंग एंड हाउसिंग सेंसस) का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर संतोष व्यक्त किया तथा कार्यों की प्रगति के लिए सांख्यिकीय टीम की सराहना की। निदेशालय के अधिकारियों ने बताया कि आगामी फरवरी 2027 में प्रस्तावित जनगणना के द्वितीय चरण की शुरूआत होगी, जिसके लिए प्रशासनिक एवं लॉजिस्टिक व्यवस्थाएं तेजी से की जा रही हैं। श्रीनिवास ने कहा कि राष्ट्रीय डेमोग्राफिक चेंज कमेटी, जिसमें उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव श्री दुर्गाशंकर मिश्र भी शामिल हैं, के साथ हाल ही में हुई चर्चाओं में सांख्यिकीय डेटा को नियमित रूप से अद्यतन करने के महत्व पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण, कृषि एवं जनसंख्या के सटीक आंकड़े पारदर्शी और प्रभावी नीति-निर्माण की रीढ़ हैं।

न्यूज इन बॉक्स



### राजस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर अंगदान जागरूकता के लिए उत्कृष्टता पुरस्कार

जयपुर/नई दिल्ली(नि.सं.)। अंगदान जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए राजस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। अंगदान संकल्प अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर रहा।भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन (NOTTO) द्वारा आयोजित 16वें इंडियन ऑर्गन डोनेशन डे समारोह में राजस्थान को स्टेट अवॉर्ड फॉर एक्सीलेंस इन ऑर्गन डोनेशन अवेयरनेस से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली स्थित डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में सोमवार को आयोजित राष्ट्रीय समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने यह सम्मान राजस्थान की ओर से चिकित्सा शिक्षा विभाग की निदेशक डॉ. रश्मि गुप्ता, सोटो राजस्थान की संयुक्त निदेशक डॉ. चित्रा सिंह, आईईसी कंसल्टेंट डॉ. धर्मेश तथा अतिरिक्त निदेशक डॉ. ममता को प्रदान किया।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहाः राजस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर मिला यह सम्मान पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है।



### वीणा म्यूजिक एंड इवेंट्स के निदेशक प्रसनजीत मालू 'राजस्थान गौरव अवार्ड-2026' से सम्मानित

**राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने किया सम्मानित, इवेंट इंडस्ट्री में उत्कृष्ट योगदान को मिली पहचान**

जयपुर/नई दिल्ली। राजस्थान के प्रतिष्ठित 'राजस्थान गौरव अवार्ड-2026' से वीणा म्यूजिक एंड इवेंट्स के निदेशक प्रसनजीत मालू को इवेंट इंडस्ट्री में उनके उत्कृष्ट, नवाचारपूर्ण एवं अनुकरणीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। जयपुर के होटल राजपूताना शेरेटन में संस्कृति युवा संस्था द्वारा आयोजित भव्य समारोह में राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। प्रसनजीत मालू ने पिछले कई वर्षों में इवेंट उद्योग को अधिक संगठित, पेशेवर और आधुनिक स्वरूप प्रदान करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व में वीणा म्यूजिक एंड इवेंट्स ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सांस्कृतिक, कॉर्पोरेट, सामाजिक और विशेष आयोजनों का सफल संचालन कर राजस्थान को एक प्रमुख इवेंट डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।




कॉमनवेल्थ पीस मेडिएशन कॉन्फ्रेंस-2026 का भव्य समापन

## सम्मेलन के समापन पर जयपुर डिक्लेरेशन ऑन पीस मेडिएशन एंड रूल ऑफ लॉ पर हुए हस्ताक्षर

जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण कॉमनवेल्थ लॉयर्स एसोसिएशन (CLA), सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (SCBA) तथा निवारण (NIVAARAN) के संयुक्त तत्वावधान में 31 जुलाई से 2 अगस्त तक होटल द ललित, जयपुर में आयोजित तीन दिवसीय कॉमनवेल्थ पीस मेडिएशन कॉन्फ्रेंस-2026 का रविवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। सम्मेलन में कॉमनवेल्थ देशों के न्यायाधीशों, विधि विशेषज्ञों तथा मध्यस्थता क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों ने शांति, न्याय और विधि के शासन को सुदृढ़ बनाने में मध्यस्थता की भूमिका पर गहन



विचार-विमर्श किया।

**न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने मध्यस्थता को बताया जीवन जीने का दृष्टिकोण**

मुख्य भाषण में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश माननीय श्री न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने कहा कि शांति उच्च-विश्वास (High Trust) वाले समाज की आधारशिला है और ऐसा समाज ही मजबूत राष्ट्र निर्माण का आधार बनता है। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता केवल विवाद समाधान की प्रक्रिया नहीं, बल्कि जीवन जीने का एक तरीका बनना चाहिए, जिससे संबंधों, विश्वास और सामाजिक सौहार्द को बनाए रखते हुए विवादों का समाधान संभव हो सके। उन्होंने शांति को समावेशी, सुदृढ़ और दीर्घकालिक समाज निर्माण की व्यापक अवधारणा बताते हुए कहा कि न्यायपूर्ण एवं विश्वास आधारित व्यवस्था ही टिकाऊ विकास का मार्ग प्रशस्त करती है।

स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माणाधीन भवनों का किया निरीक्षण

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताः पटेल



जयपुर(नि.सं.)। संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल ने रविवार को जोधपुर में विभिन्न निर्माणाधीन भवनों का निरीक्षण किया। इस दौरान राजकीय कन्या महाविद्यालय लूणावास भाकर, राजकीय महाविद्यालय झंवर, पंचायत समिति धवा, आयुर्वेद चिकित्सालय धवा और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मेलबा के निर्माणाधीन भवनों का अवलोकन किया। पटेल ने कहा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दिशा में राज्य सरकार अनवरत कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा विकास कार्य जन आकांक्षाओं के अनुरूप हो इसलिए मौके पर जाकर कार्यों अवलोकन करना जनप्रतिनिधि का दायित्व है। उन्होंने कहा अधिकारी और जनप्रतिनिधि विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें ताकि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की कमी- खामी नहीं रहे। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार बजट घोषणाओं की समयबद्ध क्रियान्विति सुनिश्चित करने और जनहित के कार्यों का लाभ आमजन तक पहुँचाने के लिए धरातल पर जाकर निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की।



### चलती ट्रेन में युवकों ने जानलेवा स्टंट किया

**दरवाजों पर लटके, छत पर चढ़कर बनाई रील; रेलवे ने कहा- एफआईआर होगी**

अजमेर(वि.सं.)। पाली के प्रसिद्ध गोरमघाट रेल खंड (सेक्शन) में कुछ युवकों ने चलती ट्रेन में जानलेवा स्टंट किया। युवकों ने चलती ट्रेन के दरवाजों पर लटककर, फुटबोर्ड (पायदान) पर खड़े होकर और ट्रेन के बाहरी हिस्से को पकड़कर खतरनाक स्टंट किया। युवकों के स्टंट का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें स्टंटबाज अपनी जान जोखिम में डालकर रील बनाते दिख रहे हैं। वीडियो के आधार पर अब आरोपियों की पहचान की जा रही है। रेलवे प्रबंधन ने अधिकारियों को आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और केस दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा के दौरान ऐसा कोई भी काम नहीं करें जिससे उनकी या दूसरों की जान खतरे में पड़े।

स्वतंत्रता दिवस समारोह

## जयपुर में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह की सभी तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करें : शर्मा



जयपुर(नि.सं.)। कार्मिक (ख-3) विभाग के संयुक्त शासन सचिव आशीष शर्मा ने कहा कि शासन सचिवालय, जयपुर में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह-2026 के सफल, सुरक्षित एवं गरिमापूर्ण आयोजन के लिए सभी विभाग निर्धारित समय-सीमा में अपनी तैयारियां पूर्ण करें। उन्होंने सोमवार को शासन सचिवालय में आयोजित बैठक में विभागवार तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। शर्मा ने सार्वजनिक निर्माण विभाग को मरम्मत कार्य, मंच, रैंप, प्रकाश एवं पेयजल व्यवस्था समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम, जयपुर विकास प्राधिकरण एवं उद्यान विभाग को सचिवालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही, पुलिस विभाग को सुरक्षा, यातायात एवं प्रवेश व्यवस्था, चिकित्सा विभाग को एम्बुलेंस एवं चिकित्सकीय दल तथा जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड को परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जयपुर नगर निगम, जयपुर विकास प्राधिकरण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



### जोधपुर में 5 घंटे में 63 हजार मिर्ची बड़े खाए

**31 किलो का मिर्ची बड़ा बनाया; 40 लोगों ने पूरा किया चैलेंज**

जोधपुर(वि.सं.)। जोधपुर में सावन के पहले सोमवार पर 'मिर्ची बड़ा महोत्सव' हुआ। दैनिक भास्कर के जोधपुर संस्करण के 30वें साल में प्रवेश के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने 5 घंटे में 63 हजार मिर्ची बड़े खाए। महोत्सव में नया रिकॉर्ड बना। अशोक उद्यान की हरियाली के बीच चटपटे मिर्ची बड़े लोगों को खूब भाए। महोत्सव का मुख्य आकर्षण 31 किलो का विशाल मिर्ची बड़ा था। यह जोधपुर में बना अब तक का सबसे बड़ा मिर्ची बड़ा है। इसे बनाने में 3 घंटे लगे। यही नहीं, सोमवार का व्रत रखने वाले लोगों के लिए स्पेशल सहगार (व्रत) नमकीन और फलाहारी मिर्ची बड़े भी थे। लाइव बैंड के बीच लोगों ने मिर्ची बड़े का स्वाद लिया।

जयपुर वेस्ट पुलिस

## पुलिस ने 40 किलो अवैध गांजे की फसल नष्ट करवाईः 48 पौधे बरामद, आरोपी फरार

**मंदिर के पास आबादी भूमि पर हो रही थी खेती**

जयपुर(नि.सं.)। जयपुर वेस्ट पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से उगाई जा रही गांजे की फसल नष्ट कर दी। इस दौरान पुलिस ने कुल 40 किलो वजनी 384 ग्राम के पौधे जब्त किए। हरमाड़ा थानाधिकारी नरेंद्र भड़ाना ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने गांजे की अवैध बिक्री



और नशे के उपयोग के उद्देश्य से यह खेती की थी। इससे गांव के युवाओं को नशे की ओर धकेलने की आशंका भी जताई गई है।

**ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत बरामद किए गांजे के पौधे**

डीसीपी वेस्ट प्रशांत किरण ने बताया कि ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत हरमाड़ा थाना पुलिस ने यह कार्रवाई की। गश्त और निगरानी के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि बिछपड़ी गांव में श्री जगदीश जी मंदिर के पास खाली आबादी भूमि पर गांजे के पौधे लगे हुए हैं। जांच में पुलिस को मौके पर 48 छोटे-बड़े गांजे के पौधे मिले, जिन्हें पुलिस ने नष्ट करवाया। आसपास के लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन किसी ने पौधे लगाने वाले के बारे में जानकारी नहीं दी।

'हरियालो राजस्थान'

जवाहर सर्किल में विकसित होगा रोज गार्डन आधुनिक नर्सरी एवं स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, शहर को मिलेगी नई पहचान

## रोज गार्डन में लगाये जायेंगे 4 हजार गुलाब एवं नर्सरी में 3 हजार फलदार-फूलदार पौधे

जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार के 'हरियालो राजस्थान' अभियान को सफल बनाने की दिशा में नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा के निर्देशन में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जवाहर सर्किल में रोज गार्डन एवं आधुनिक नर्सरी विकसित की जाएगी। इस कार्य के लिए निविदाएं (टेंडर) जारी किए जा चुके हैं। जयपुर विकास आयुक्त श्री सिद्धार्थ महाजन ने बताया कि लगभग 4,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में एक आकर्षक रोज गार्डन विकसित किया जाएगा, जिसमें कुल 4,000 गुलाब लगाए जाएंगे। इनमें 3,000 विभिन्न रंगों के ग्राफ्टेड (मल्टीकलर) गुलाब एवं 1,000 देशी गंगानगर गुलाब शामिल होंगे। यह रोज गार्डन शहरवासियों एवं पर्यटकों के लिए एक विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगा तथा जवाहर सर्किल की प्राकृतिक सुंदरता में और वृद्धि करेगा। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही यहाँ 4,000 वर्गमीटर क्षेत्र में एक आधुनिक नर्सरी भी विकसित की जाएगी। इस नर्सरी में 32 विभिन्न प्रजातियों के लगभग 3,000 पौधे लगाए जाएंगे, जिनमें 2,000 सजावटी पौधे एवं 1,000 फलदार पौधे शामिल होंगे। नर्सरी का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण पौधों का संरक्षण, संवर्धन तथा शहर में हरित क्षेत्र बढ़ाने के प्रयासों को मजबूती प्रदान करना है।

जवाहर सर्किल में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अत्याधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स विकसित किया जाएगा, जो शहरवासियों को खेल एवं फिटनेस की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में विभिन्न खेल गतिविधियों के लिए आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जिससे युवाओं एवं उभरती खेल प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा निखारने के




लिए बेहतर मंच मिलेगा। साथ ही, जयपुरवासियों को स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली के लिए अत्याधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा जवाहर सर्किल क्षेत्र के विकास को भी नई पहचान मिलेगी। महाजन ने कहा कि जेडीए शहर में हरित आवरण बढ़ाने, जैव विविधता को प्रोत्साहित करने तथा नागरिकों को बेहतर पर्यावरण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

संक्षिप्त समाचार

## ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम का भारत दौरा

### भारतीय मूल के नील पटेल को 16 सदस्यीय टीम में मिली जगह



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अगले महीने होने वाले भारत दौरे के लिए 16 सदस्यीय अंडर-19 पुरुष टीम का ऐलान कर दिया है। इस टीम में भारतीय मूल के न्यू साउथ वेल्स के खिलाड़ी नील पटेल को भी शामिल किया गया है। यह टीम भारत के खिलाफ राजकोट और अहमदाबाद में पांच मैचों की मल्टी-फॉर्मेट सीरीज खेलेगी। न्यू साउथ वेल्स के रहने वाले नील पटेल यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू साउथ वेल्स क्रिकेट क्लब से खेलते हैं। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के उभरते युवा खिलाड़ियों में गिना जाता है।

- **राजकोट और अहमदाबाद में खेले जाएंगे मैच** – यह दौरा चार सप्ताह तक चलेगा। इसमें ऑस्ट्रेलिया की टीम भारत के खिलाफ तीन 50–ओवर के मैच और दो चार–दिवसीय मैच खेलेगी।ये मुकाबले 13 सितंबर से 9 अक्टूबर 2026 के बीच राजकोट और अहमदाबाद में आयोजित किए जाएंगे। इस टीम का चयन यूथ नेशनल सिलेक्शन पैनल ने किया है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया के सबसे होनहार युवा खिलाड़ियों को जगह दी गई है।
- **टिम नील्सन होंगे हेड कोच** – ऑस्ट्रेलियाई टीम के हेड कोच पूर्व क्रिकेटर टिम नील्सन होंगे। नील्सन फिलहाल डार्विन में बांग्लादेश के खिलाफ क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इलेवन प्रोग्राम की देखरेख कर रहे हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की नेशनल डेवलपमेंट हेड सोन्या थॉम्पसन ने कहा कि यह दौरा युवा खिलाड़ियों के विकास के लिए एक बेहतरीन मौका है। उन्होंने कहा कि भारत की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में खेलने से खिलाड़ियों की तकनीकी और मानसिक क्षमता का परीक्षण होगा।टीम नील्सन फिलहाल डार्विन में बांग्लादेश के खिलाफ क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इलेवन प्रोग्राम की देखरेख कर रहे हैं।
- **ऑस्ट्रेलियाई टीम में ये खिलाड़ी शामिल** – टीम में केसी बार्टन (तस्मानिया), हेडन बारबुलोविक (साउथ ऑस्ट्रेलिया), एली ब्रेन (क्वींसलैंड), विल बायरोम (न्यू साउथ वेल्स), ब्लेक कैटल (न्यू साउथ वेल्स), जैक जोस्नेक (विक्टोरिया), स्पेंसर ग्रीन (क्वींसलैंड), कॉनर ग्रेगरी (साउथ ऑस्ट्रेलिया), चार्ली हेंडरसन (क्वींसलैंड), जेड होलिक (वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया), मैथ्यू लॉफ (वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया), नील पटेल (न्यू साउथ वेल्स), जैकब पिट्ज (विक्टोरिया), पैट्रिक सुलिवन (विक्टोरिया), थियो त्सिंगोस (क्वींसलैंड) और थॉमस वासेओ (क्वींसलैंड) शामिल हैं।

## टीम इंडिया की बढ़ती चोटों पर बीसीसीआई सख्त

### सपोर्ट स्टाफ और हेड फिजियो की होगी समीक्षा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्रिकेट टीम में लगातार बढ़ रही खिलाड़ियों की चोटों ने अब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की चिंता बढ़ा दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, श्रीलंका टेस्ट सीरीज के बाद बोर्ड टीम इंडिया के मेडिकल और सपोर्ट स्टाफ की समीक्षा करेगा। खासतौर पर हेड फिजियो कमलेश जैन की भूमिका जांच के दायरे में है। कप्तान शुभमन गिल और मुख्य कोच गौतम गंभीर भी खिलाड़ियों की लगातार चोटों से संतुष्ट नहीं बताए जा रहे हैं।

**लगातार चोटों ने बढ़ाई बीसीसीआई की चिंता–** हाल के महीनों में टीम इंडिया के कई अहम खिलाड़ी चोटिल हुए हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह घुटने की चोट के कारण श्रीलंका दौरे से बाहर हो गए हैं। इससे पहले हर्षित राणा और नितीश कुमार रेड्डी भी चोट के चलते दो मैचों की टेस्ट सीरीज से बाहर हो चुके हैं।वहीं स्टार ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर पहले टेस्ट से बाहर हैं और दूसरे टेस्ट में भी उनके खेलने पर संशय बना हुआ है। लगातार बढ़ती इन चोटों ने चयनकर्ताओं और टीम प्रबंधन की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

बाय-बाय ग्लास्गो 2026

# भारत को मिली कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी, सौंपी मिशाल






### कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की रंगारंग समाप्ति

2030 कॉमनवेल्थ गेम्स अहमदाबाद में होंगे, जिससे ऑस्ट्रेलिया के बाद भारत दूसरा ऐसा देश बन जाएगा जिसने एक से ज़्यादा बार इस मल्टी–स्पोर्ट इवेंट की मेजबानी की है। भारत ने इससे पहले 2010 में नई दिल्ली में ये गेम्स होस्ट किए थे. क्लोजिंग सेरेमनी स्कॉटलैंड की रिच कल्चरल हेरिटेज के सेलिब्रेशन के साथ शुरू हुई, जिसके बाद भारत की कल्चरल डायवर्सिटी और सदियों पुरानी परंपराओं का एक रंगीन शोकेस हुआ।
सेरेमनी की एक खास बात एक अनोखा इंडो–स्कॉटिश कल्चरल कोलैबोरेशन था, जिसमें दोनों देशों के म्यूजिशियन और डांसर एक जबरदस्त 'जुगलबंदी' के लिए एक साथ आए, जो ग्लासगो से अहमदाबाद बैटन के ट्रांसफर का प्रतीक था. सेरेमोनियल हैंडओवर पूरा होने के साथ, अब फोकस अहमदाबाद पर है, जो 2030 में कॉमनवेल्थ गेम्स के सौवें एडिशन को होस्ट करेगा।

नीरज, पीटी ऊषा को ध्वज मिला, क्लोजिंग सेरेमनी में शंकर महादेवन, मानुषी छिल्लर की शानदार प्रस्तुति ग्लास्गो (स्कॉटलैंड): 11 दिनों तक चले कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की रविवार को रंगारंग समाप्ति हो गई। इस इवेंट में भारत ने 39 मेडल के साथ ओवरऑल मेडल स्टैंडिंग में चौथा स्थान हासिल किया. बता दें, नई बॉक्सिंग चैंपियन बनी जैस्मिन लैम्बोरिया को क्लोजिंग सेरेमनी के लिए देश का फ्लैग-बेयरर बनाया गया।

जानकारी के मुताबिक अगले कॉमनवेल्थ गेम्स (2030) का शताब्दी संस्करण बनाया जाएगा, जिसकी मेजबानी भारत को सौंपी गई है. कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित किए जाएंगे. क्लोजिंग सेरेमनी के दौरान कॉमनवेल्थ गेम्स के आधिकारिक ध्वज और बैटन भारत को सौंपे गए हैं. इस दौरान भारत की तरफ से ओलंपिक गोल्ड मेडल विजेता नीरज चोपड़ा, भारतीय ओलंपिक संग की अध्यक्ष पीटी उषा और गुजरात के डिप्टी सीएम हर्ष सिंघवी मौजूद रहे।

भारत ने ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में 122 खिलाड़ियों के ग्रुप से 13 गोल्ड, 17 ??सिल्वर और नौ ब्रॉन्ज मेडल जीते. यह चार साल पहले बर्मिंघम में मिली चौथी जगह की बराबरी है, जबकि इस बार उसने एक बहुत छोटे प्रोग्राम में हिस्सा लिया था, जिसमें कई ऐसे खेल शामिल नहीं थे जिनमें देश पारंपरिक रूप से मेडल जीतता है. भारत के मेडल की संख्या 2022 में बर्मिंघम में जीते गए 61 मेडल से कम थी, लेकिन हालात कुछ और ही कहानी बताते हैं. उनमें से तीस मेडल ऐसे खेलों में आए थे, जिन्हें ग्लासगो प्रोग्राम से हटा दिया गया था।

चार साल पहले 210 की तुलना में सिर्फ 122 एथलीट के साथ, भारत फिर भी अपना चौथा स्थान बनाए रखने में कामयाब रहा, जबकि मेडल कन्वर्जन रेट और भी बेहतर रहा, जिसमें 38 एथलीट मेडल के साथ घर लौटे. लंबी दूरी के रनर गुलवीर सिंह दो मेडल जीतने वाले अकेले भारतीय थे. ऑस्ट्रेलिया ने 70 गोल्ड मेडल समेत कुल 171 मेडल जीतकर गेम्स में अपना दबदबा बनाया, जबकि इंग्लैंड 110 मेडल के साथ दूसरे और कनाडा 62 मेडल के साथ तीसरे नंबर पर रहा. भारत 39 मेडल के साथ मेजबान स्कॉटलैंड के बराबर रहा, लेकिन ज्यादा गोल्ड मेडल जीतने की वजह से चौथे नंबर पर रहा।

## आकिब नबी पहली बार भारतीय टेस्ट टीम में

### बुमराह की जगह श्रीलंका दौरे पर जाएंगे, टीम इंडिया में आने वाले जम्मू-कश्मीर के तीसरे प्लेयर

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में बड़ा बदलाव हुआ है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जगह आकिब नबी को टीम में शामिल किया गया है। नबी टीम इंडिया में चुने जाने वाले जम्मू-कश्मीर के सिर्फ तीसरे क्रिकेटर हैं। श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज 15 अगस्त से गॉल में शुरू होगी।




जसप्रीत बुमराह रविवार को टीम इंडिया से बाहर हो गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वे घुटने की चोट से नहीं उबर पाए हैं। टीम मैनेजमेंट और बीसीसीआई ने उनके लंबे करियर को देखते हुए कोई जोखिम नहीं लेने का फैसला किया है।

**नबी टेस्ट टीम में चुने जाने वाले जम्मू-कश्मीर के पहले क्रिकेटर** – 23 साल के आकिब नबी ने रणजी ट्रॉफी 2025-26 में शानदार प्रदर्शन किया था। अब उन्हें भारतीय टेस्ट टीम में मौका मिला है। वे टेस्ट टीम में चुने जाने वाले जम्मू कश्मीर के पहले क्रिकेटर हैं। वैसे, यहां के परवेज रसूल और उमरान मलिक भी भारतीय टीम में चुने जा चुके हैं लेकिन उन्हें सिर्फ वनडे और टी20 टीम में मौका मिला है।

**दो रणजी सीजन में कुल 104 विकेट चटकाए** – 29 साल आकिब ने 2025-26 रणजी ट्राफी में मात्र 10 मैचों में 60 विकेट लिए, जिनमें सात बार पांच विकेट लेने का कारनामा शामिल है। पिछले दो रणजी सीजन में आकिब नबी ने कुल 104 विकेट लिए हैं। इनमें 2025-26 में 60 और पिछले सीजन में 44 विकेट शामिल हैं। इन आंकड़ों ने आकिब नबी का लाल गेंद क्रिकेट में देश के सबसे प्रभावशाली गेंदबाजों में शुमार कर दिया है।आकिब का नाकआउट मुकाबलों में प्रदर्शन विशेष रूप से शानदार रहा। आकिब ने क्वार्टरफाइनल में मध्य प्रदेश, सेमीफाइनल में बंगाल और फाइनल में कर्नाटक के विरुद्ध निर्णायक गेंदबाजी की। इन प्रदर्शनों ने न केवल जम्मू-कश्मीर को पहली बार रणजी ट्राफी का खिताब दिलाया बल्कि दबाव में उनके धैर्य को भी प्रदर्शित किया। बीसीसीआई ने टीम में बदलाव की पुष्टि की है। हालांकि, बोर्ड ने बुमराह को टीम से बाहर करने या आकिब नबी को शामिल करने का कारण नहीं बताया है।

**हाल ही में इंडिया ए के साथ श्रीलंका दौरे पर थे नबी** – आकिब नबी हाल ही में इंडिया ए टीम के साथ श्रीलंका दौरे पर भी गए थे। वहां उन्होंने दो प्रथम श्रेणी मैचों में छह विकेट लिए थे।

वेस्टइंडीज ने पहले दिन बनाए 239/5

## ग्रीव्स-चेज की नाबाद साझेदारी, पाकिस्तान के स्पिनर्स को मिली सफलता, पेसर्स रहे बेअसर

**पोर्ट ऑफ स्पेन (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज और पाकिस्तान के बीच पोर्ट ऑफ स्पेन के क्वीन्स पार्क ओवल में खेले जा रहे टेस्ट मैच के पहले दिन मेजबान टीम ने मजबूत शुरुआत की। बारिश और खराब रोशनी से प्रभावित दिन का खेल खत्म होने तक वेस्टइंडीज ने पहली पारी में 5 विकेट पर 239 रन बनाए। जस्टिन ग्रीव्स अर्धशतक लगाकर नाबाद लौटे। उनके साथ कप्तान रोस्टन चेज भी क्रीज पर मौजूद हैं। दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी हो चुकी है। पाकिस्तान की ओर से स्पिनरों ने शुरुआती सफलता दिलाई, लेकिन निचले क्रम ने टीम की वापसी नहीं होने दी।



**अब्बास को बाहर रखने पर उठे सवाल, ओपनर्स ने दिलाई तेज शुरुआत** – मैच से पहले पाकिस्तान ने अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद अब्बास को प्लेइंग-11 में शामिल नहीं किया। इस फैसले पर पूर्व खिलाड़ियों और विशेषज्ञों ने सवाल उठाए।

वेस्टइंडीज के ओपनर्स ने इसका फायदा उठाते हुए 9.5 ओवर में 49 रन जोड़ दिए। हालांकि, बारिश से पहले आखिरी गेंद पर मोहम्मद अली ने तागेनरायन चंद्रपॉल को फाइन लेग पर कैच कराकर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई।

**बारिश के बाद स्पिनर्स ने बदला मैच का रुख** – बारिश के बाद पिच से स्पिनरों को मदद मिलने लगी। कप्तान बाबर आजम ने अली उस्मान और साजिद खान को आक्रमण पर लगाया।अली उस्मान ने ब्रैंडन किंग को एलबीडब्ल्यू आउट कर टेस्ट करियर का पहला विकेट हासिल किया। इसके बाद साजिद खान ने कावेम हॉज को विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान के हाथों कैच कराया। दोनों फैसलों में पाकिस्तान ने सफल डीआरएस लिया। किंग ने 46 रन बनाए।

**उबेद शाह को मिला पहला टेस्ट विकेट** – शाई होप और अमिर जांगू ने चौथे विकेट के लिए तेजी से रन जोड़े और पाकिस्तान पर दबाव बनाए रखा। होप ने कवर के ऊपर शानदार छक्का भी लगाया।इसके बाद डेब्यू कर रहे तेज गेंदबाज उबेद शाह ने अमिर जांगू को विकेटकीपर रिजवान के हाथों कैच कराकर टेस्ट क्रिकेट का पहला विकेट लिया। हालांकि, वह पूरे दिन महंगे साबित हुए।

**ग्रीव्स और चेज ने पाकिस्तान की उम्मीदों पर फेरा पानी** – चायकाल के बाद मोहम्मद अली ने शाई होप को बोल्ड कर पाकिस्तान को पांचवीं सफलता दिलाई। इसके बाद लगा कि पाकिस्तान जल्द पारी समेट सकता है, लेकिन जस्टिन ग्रीव्स और कप्तान रोस्टन चेज ने संभलकर बल्लेबाजी की।

ग्रीव्स ने शानदार अर्धशतक लगाया और चेज के साथ छठे विकेट के लिए 66 रन की नाबाद साझेदारी कर टीम का स्कोर 239/5 तक पहुंचाया। पहले दो सत्र में असरदार दिखे पाकिस्तान के स्पिनर्स दिन के अंत तक पिच से कम मदद मिलने के कारण ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ सके।

## धवन के ऑलराउंड प्रदर्शन से भारत ने पाकिस्तान को रोमांचक मुकाबले में 2 विकेट से हराया

**लुसाका, ज़ाम्बिया (एजेंसी)।** एशियन लीजेंड्स लीग में भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए हाई-वोल्टेज मुकाबले में इंडियन रॉयल्स ने शानदार वापसी करते हुए पाकिस्तान पैंथर्स को दो विकेट से हरा दिया। 168 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने 17.3 ओवर में 8 विकेट खोकर 169 रन बनाए और रोमांचक जीत दर्ज की। इस जीत के सबसे बड़े हीरो ऋषि धवन रहे, जिन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया।

**पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने बनाए 167 रन** – टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान पैंथर्स ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 167 रन बनाए। भारतीय गेंदबाजों ने बीच के ओवरों में रन गति पर लगाम लगाई, जिससे पाकिस्तान बड़ा स्कोर नहीं बना सका। भारतीय टीम के सामने जीत के लिए 168 रन का लक्ष्य था।



**44 रन पर 4 विकेट गिरने के बाद संकट में फंसी भारतीय टीम** – लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडियन रॉयल्स की शुरुआत बेहद खराब रही। मोहम्मद इरफान ने नमन ओझा (4) को जल्दी पवेलियन भेज दिया। अभिषेक जलोटा ने 19 गेंदों में 30 रन की तेज पारी खेली, लेकिन उनके आउट होते ही भारतीय बल्लेबाजी लड़खड़ा गई।

## 30 अगस्त से शेर-ए-पंजाब टी-20 लीग शुरू

### मोहाली में खेलते दिखेंगे शुभमन गिल और अर्शदीप सिंह, 6 टीमों के बीच होंगे 27 मुकाबले

**मोहाली (एजेंसी)।** क्रिकेट प्रेमियों के लिए अच्छी खबर है। भारतीय कप्तान शुभमन गिल और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह समेत कई स्टार क्रिकेटर अब इसी महीने मोहाली के पीसीए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेलते नजर आएंगे। शेर-ए-पंजाब टी-20 लीग का रविवार को भव्य आगाज हुआ। टूर्नामेंट 30 अगस्त से 13 सितंबर तक चलेगा।

पीसीए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित उद्घाटन समारोह में पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) के सचिव गुरमीत सिंह मीत हेयर और अध्यक्ष अमरजीत सिंह महिता ने लीग का औपचारिक शुभारंभ किया। इस मौके पर भारतीय कप्तान शुभमन गिल और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे।



**9 अगस्त को होगी खिलाड़ियों की नीलामी–** टूर्नामेंट में छह फ्रेंचाइजी टीमें कुल 27 मुकाबले खेलेंगी। क्रिकेट प्रेमियों को शुभमन गिल, अर्शदीप सिंह, अभिषेक शर्मा, प्रभसिमरन सिंह, गुरनूर बराड़ और रमनदीप सिंह जैसे स्टार खिलाड़ियों को एक्शन में देखने का मौका मिलेगा। खिलाड़ियों की नीलामी 9 अगस्त को होगी।

**छह फेंचाइजी टीमें हिस्सा लेंगी** – लीग में अमृतसर, फाजिल्का, जालंधर, लुधियाना, मोहाली और बठिंडा की छह फ्रेंचाइजी हिस्सा लेंगी। प्रत्येक फ्रेंचाइजी के पास 45 लाख रुपए का पर्स होगा और वह अधिकतम 20 खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल कर सकेगी। मार्की खिलाड़ी की कीमत 10 लाख रुपए तय की गई है, जबकि आइकन खिलाड़ी की बेस प्राइस 1.50 लाख रुपए रखी गई है।

प्रथम श्रेणी, अंडर-23, अंडर-19 और जिला स्तर के खिलाड़ियों के लिए अलग-अलग बेस प्राइस निर्धारित की गई है। पीसीए सचिव गुरमीत सिंह मीत हेयर ने कहा कि यह लीग मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की दूरदर्शी सोच का परिणाम है।

इसका उद्देश्य पंजाब के घरेलू खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय सितारों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने और पेशेवर माहौल में सीखने का अवसर देना है। कार्यक्रम के दौरान टूर्नामेंट का आधिकारिक लोगो लॉन्च किया गया। इस अवसर पर पीसीए के पदाधिकारियों ने फ्रेंचाइजी मालिकों और प्रमुख क्रिकेटरों को सम्मानित भी किया।

## तीसरा गोल्ड जीतने वाली मीराबाई चानू ने केंद्रीय मंत्री से की मुलाकात, भेंट की साइन की हुई जर्सी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में ऐतिहासिक प्रदर्शन करने के बाद भारतीय स्टार वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू से मुलाकात की। इस दौरान मीराबाई और भारतीय वेटलिफ्टिंग टीम के मुख्य कोच विजय शर्मा ने रिजिजू को पूरी भारतीय वेटलिफ्टिंग टीम के खिलाड़ियों के हस्ताक्षर वाली जर्सी भेंट की। किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क पर मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, कॉमनवेल्थ गेम्स, ग्लासगो में शानदार जीत के बाद स्वागत है मीराबाई चानू। आपने एक बार फिर वेटलिफ्टिंग में गोल्ड मेडल जीतकर भारत का नाम रोशन किया। सभी वेटलिफ्टरों के हस्ताक्षर वाली




टी-शर्ट भेंट करने के लिए धन्यवाद।

**मीराबाई ने रचा इतिहास** – टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू ने ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स में महिलाओं के 48 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने स्नैच में 85 किलोग्राम वजन उठाकर कॉमनवेल्थ गेम्स रिकॉर्ड बनाया, जबकि क्लीन एंड जर्क में 105 किलोग्राम वजन उठाकर एक और रिकॉर्ड अपने नाम किया। इसके साथ ही उन्होंने लगातार तीसरी बार कॉमनवेल्थ गेम्स का गोल्ड मेडल जीतने का कारनामा किया।

**चौथा सीडब्लयूजी पदक, लगातार तीसरा गोल्ड** – मीराबाई के करियर का यह चौथा कॉमनवेल्थ गेम्स पदक है। उन्होंने 2014 ग्लासगो खेलों में रजत पदक जीता था, जबकि 2018 गोल्ड कोस्ट, 2022 बर्मिंघम और अब 2026 ग्लासगो में लगातार तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किए। वह कॉमनवेल्थ गेम्स में लगातार तीन गोल्ड जीतने वाली दुनिया की पहली महिला वेटलिफ्टर भी बन गई हैं।

**दिल्ली एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत** – ग्लासगो से लौटने के बाद रविवार को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मीराबाई चानू का जोरदार स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में प्रशंसक, परिवार के सदस्य और समर्थक उनका स्वागत करने पहुंचे।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com